डाक पंजीयन क्र. ई-2/भो.स./186/2018-2020
लाइसेंस क्र. टेक/WPP/21-1/2018-20
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

वर्ष-37, अंक-29, मूल्य ₹10.00

www.mpinfo.org/rojgar | www.mpmadhyam.in

रोज़गार और निर्माण

http://www.rojgaraurnirman.in

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल, 20.07.2020 से 26.07.2020

वनाधिकार दावों के निराकरण की समीक्षा

प्रत्येक पात्र आदिवासी को मिले वनाधिकार पट्टा - मुख्यमंत्री

कार्य में लापरवाही अथवा विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान आदिम जाति कल्याण विभाग की बैठक में वनाधिकार के दावों के निराकरण की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश में अनुसूचित जनजाति वर्ग के प्रत्येक व्यक्ति को उनका जायज हक दिलवाने में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदेश में पूर्व में बड़ी संख्या में आदिवासियों के वनाधिकार पट्टों के दावों को अमान्य किया गया है, जो ठीक नहीं है। अधिकारी पूरी संवेदना एवं तत्परता के साथ एक-एक दावे का परीक्षण करें तथा प्रत्येक पात्र आदिवासी को वनाधिकार पट्टा दिलवाना सुनिश्चित करें। ये निर्देश मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह ने भोपाल स्थित मंत्रालय में आदिम जाति कल्याण विभाग की बैठक में वनाधिकार दावों के निराकरण की समीक्षा करते हुए दिए।

श्री चौहान ने कहा कि वे स्वयं आदिवासियों के बीच जाकर इस बात का परीक्षण करेंगे कि किसी पात्र आदिवासी का वनाधिकार पट्टे का दावा निरस्त तो नहीं किया गया। यदि ऐसा पाया गया तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने वन मंत्री श्री विजय शाह और आदिम जाति कल्याण तथा अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री सुश्री मीना सिंह से कहा कि वे भी जाकर वनाधिकार दावों संबंधी परीक्षण करें।

बैठक में बताया गया कि ग्राम वन अधिकार समितियों द्वारा अभी तक लंबित एक लाख 67 हजार 108 दावों में से 92 हजार 470 दावों का निराकरण किया गया है। इन दावों में से 36 हजार 241 (39.19 प्रतिशत) दावों को मान्य किया गया है तथा 56 हजार 229 (60.8 प्रतिशत) दावों को अमान्य किया गया है। इस पर मुख्यमंत्री द्वारा नाराजगी जाहिर करते हुए निर्देश दिए गए कि एक-एक दावे का पुनः परीक्षण किया जाए। कोई भी पात्र आदिवासी वनाधिकार पट्टे से वंचित नहीं रहना चाहिए।

मंत्रिमंडल के सदस्यों के मध्य विभागों का आवंटन

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रिमंडल के सदस्यों के बीच विभागों का बंटवारा कर दिया है। वितरित विभागों का विवरण इस प्रकार है -

1.	श्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री	सामान्य प्रशासन, जनसंपर्क, नर्मदा घाटी विकास, विमानन एवं ऐसे अन्य समस्त विभाग जो किसी अन्य मंत्री को न सौंपे गये हों।
	कैबिनेट मंत्री	**विभाग**
2.	डॉ. नरोत्तम मिश्रा	गृह, जेल, संसदीय कार्य, विधि।
3.	श्री गोपाल भार्गव	लोक निर्माण, कुटीर एवं ग्रामोद्योग।
4.	श्री तुलसी राम सिलावट	जल संसाधन, मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास
5.	श्री विजय शाह	वन।
6.	श्री जगदीश देवड़ा	वाणिज्यिक कर, वित्त, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी।
7.	श्री बिसाहू लाल सिंह	खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण।
8.	श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया	खेल एवं युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोज़गार।
9.	श्री भूपेंद्र सिंह	नगरीय विकास एवं आवास।
10.	सुश्री मीना सिंह मांडवे	आदिम जाति कल्याण, अनुसूचित जाति कल्याण।
11.	श्री कमल पटेल	किसान कल्याण एवं कृषि विकास।
12.	श्री एंदल सिंह कंषाना	लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी।
13.	श्री गोविंद सिंह राजपूत	राजस्व, परिवहन।
14.	श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह	खनिज साधन, श्रम।
15.	श्री विश्वास सारंग	चिकित्सा शिक्षा, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास।
16.	श्रीमती इमरती देवी	महिला एवं बाल विकास।
17.	डॉ. प्रभुराम चौधरी	लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण।
18.	डॉ. महेंद्र सिंह सिसोदिया	पंचायत और ग्रामीण विकास।
19.	श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर	ऊर्जा।
20.	श्री प्रेम सिंह पटेल	पशुपालन, सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण।
21.	श्री ओम प्रकाश सकलेचा	सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, विज्ञान और प्रौद्योगिकी।
22.	सुश्री उषा ठाकुर	पर्यटन, संस्कृति, अध्यात्म।
23.	श्री अरविन्द भदौरिया	सहकारिता, लोक सेवा प्रबंधन।
24.	डॉ. मोहन यादव	उच्च शिक्षा।
25.	श्री हरदीप सिंह डंग	नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा, पर्यावरण।
26.	श्री राजवर्धन सिंह प्रेम सिंह दत्तीगांव	औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन।
	राज्यमंत्री	**विभाग**
27.	श्री भारत सिंह कुशवाह	उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण (स्वतंत्र प्रभार), नर्मदा घाटी विकास।
28.	श्री इन्दर सिंह परमार	स्कूल शिक्षा (स्वतंत्र प्रभार), सामान्य प्रशासन।
29.	श्री रामखेलावन पटेल	पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण (स्वतंत्र प्रभार), विमुक्त घुमक्कड़ एवं अर्द्धघुमक्कड़ जनजाति कल्याण (स्वतंत्र प्रभार) पंचायत एवं ग्रामीण विकास।
30.	श्री राम किशोर (नानो) कांवरे	आयुष (स्वतंत्र प्रभार), जल संसाधन।
31.	श्री बृजेन्द्र सिंह यादव	लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी।
32.	श्री गिर्राज डण्डौतिया	किसान कल्याण तथा कृषि विकास।
33.	श्री सुरेश धाकड़	लोक निर्माण विभाग।
34.	श्री ओ.पी.एस. भदौरिया	नगरीय विकास एवं आवास।

तकनीकी शिक्षा महाविद्यालयों के अंतिम वर्ष की परीक्षाएं होंगी ऑनलाइन

भोपाल, मध्यप्रदेश में विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं में स्नातक में प्रथम एवं द्वितीय वर्ष तथा स्नातकोत्तर परीक्षाओं में प्रथम वर्ष की परीक्षाएं नहीं करवाने का निर्णय पूर्व में लिया गया है। तदनुसार गत परीक्षाओं के अंकों के आधार पर अंतिम वर्ष या सेमेस्टर में प्रवेश दिया जाएगा। यूजीसी के नवीन निर्देशों के अनुसार अंतिम वर्ष या सेमेस्टर की परीक्षाएं करवाई जाएंगी।

तकनीकी शिक्षा महाविद्यालयों में अंतिम वर्ष की परीक्षाएं ऑनलाइन आयोजित होंगी। अन्य सभी महाविद्यालयों में ऑफलाइन परीक्षाएं करवाने के संबंध में प्रक्रिया निर्धारित कर प्रस्तुत करें। ये निर्देश मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में यूजीसी के नवीन निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में प्रदेश में विश्व-विद्यालयीन परीक्षाओं के संबंध में आयोजित बैठक में दिए। बैठक में प्रमुख सचिव श्री अनुपम राजन ने बताया कि यूजीसी के नवीन निर्देशों के अनुसार अंतिम वर्ष की परीक्षाएं 30 सितम्बर तक ली जाना हैं। प्रथम एवं द्वितीय वर्ष में आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर अगली कक्षा में प्रवेश दिया जाना है। अंतिम वर्ष या सेमेस्टर की परीक्षाएं ऑनलाइन या ऑफलाइन या मिश्रित तरीके से की जा सकती हैं।

तकनीकी शिक्षा मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने बताया कि तकनीकी शिक्षा के अंतर्गत आने वाले महाविद्यालयों में ऑनलाइन आधार पर परीक्षाएं होंगी। पहले भी आरजीपीवी विश्वविद्यालय द्वारा ऑनलाइन परीक्षा आयोजित की जा चुकी है। आरजीपीवी के कुलपति ने बताया कि तकनीकी शिक्षा अंतिम वर्ष में चार प्रश्न पत्र होने हैं।

खेतों में पानी पहुंचाने के लिये किये जायेंगे प्रभावी प्रयास - मुख्यमंत्री

भोपाल, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी विजनरी लीडर और मैन ऑफ आइडिया हैं। उन्होंने कोविड की चुनौती को अवसर में बदला है तथा नए आत्मनिर्भर भारत का मंत्र एवं संकल्प लिया है। हम उसे पूरा करने के लिए आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनाएंगे। इसके लिए खेती, किसान एवं गांवों के अधिकाधिक विकास की आवश्यकता है। मध्यप्रदेश में सिंचाई क्षमताएं बढ़ाने के लिए विशेष कार्य हुए हैं। गत वर्षों में हमने प्रदेश में सिंचाई क्षमता को 7.5 लाख हेक्टेयर से 42 लाख हेक्टेयर तक पहुंचाया है, इसमें नाबार्ड का महत्वपूर्ण योगदान है। आगामी समय में हम प्रदेश में किसानों की एक-एक इंच भूमि तक पानी पहुंचाने के प्रभावी प्रयास करेंगे। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण बैंक (नाबार्ड) के 39वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित एक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में कहीं।

श्री चौहान ने कहा कि यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि नाबार्ड द्वारा मध्यप्रदेश के लिए 1 हजार 425 करोड़ रुपये की लिफ्ट इरीगेशन को स्वीकृति दी गई है। साथ ही अन्य परियोजनाओं के लिए 4 हजार करोड़ का ऋण भी स्वीकृत किया गया है।

कोरोना को खत्म करने के लिए जिलावार रणनीति बनाएं

भोपाल, मध्यप्रदेश में किल कोरोना अभियान में डोर-टू-डोर सर्वे कर बड़ी संख्या में टेस्ट किए गए हैं तथा एक-एक मरीज की पहचान कर उनका इलाज किया जा रहा है। इसके चलते प्रदेश की कोरोना मृत्यु दर में गिरावट आई है। प्रदेश में कुछ जिलों में संक्रमण कम हुआ है वहीं कुछ जिलों में संक्रमण बढ़ा है। प्रदेश में कोरोना को समाप्त करने के लिऐ जिलों की परिस्थितियों को देखते हुए जिलावार रणनीति बनाई जाए। प्रभारी अधिकारी जिलों का दौरा करें तथा जिला क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप के साथ बैठक कर कोरोना संक्रमण समाप्त करने के प्रभावी प्रयास करें। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए कहीं।

किल कोरोना अभियान के अंतर्गत प्रदेश में 95 प्रतिशत जनसंख्या के स्वास्थ्य सर्वे का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसके अंतर्गत प्रदेश में एक लाख 5 हजार 679 व्यक्तियों के सैम्पल लिए गए हैं, जिनमें 1 हजार 831 व्यक्ति कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। पॉजिटिविटी का प्रतिशत 1.73 रहा है।

टीकमगढ़ जिले की समीक्षा के दौरान पाया गया कि वहां कोरोना प्रकरणों का पॉजिटिविटी रेट अधिक आ रहा है। श्री चौहान ने निर्देश दिए कि संक्रमित क्षेत्रों में सख्ती की जाए, सामान्य लॉकडाउन की आवश्यकता नहीं है। बैठक में रीवा जिले की समीक्षा के दौरान सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

पिछला सप्ताह

11 जुलाई

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान ने रद्द कीं दसवीं और बारहवीं कक्षा की परीक्षाएं

● कोरोना महामारी के बढ़ते संक्रमण को देखते हुये राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) ने कक्षा दसवीं और बारहवीं की परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं। ये परीक्षाएं 17 जुलाई से प्रस्तावित थीं। यह जानकारी केंद्रीय मानव संसाधन और विकास मंत्रालय द्वारा जारी एक ट्वीट में दी गई है। मंत्रालय के अनुसार, वर्तमान समय में कोरोना वायरस संक्रमण के दौर में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुये ये परीक्षाएं रद्द की गई हैं। इन परीक्षाओं को मार्च में आयोजित होना था, लेकिन कोरोना महामारी के कारण इन्हें जुलाई तक के लिये बढ़ाया गया था। इन कक्षाओं के परिणाम सक्षम समिति द्वारा अंतिम रूप से मूल्यांकन योजना के आधार पर घोषित किये जायेंगे। उल्लेखनीय है कि एनआईओएस से पहले सीबीएसई और आईसीएसई भी कक्षा दसवीं और बारहवीं की शेष परीक्षाएं रद्द कर चुके हैं।

● देशभर की अदालतें अब विभिन्न मामलों में पक्षकारों और आरोपियों को एसएमएस से भी समन और नोटिस भेज सकेंगी। समन और नोटिस समय पर तालीम करवाने में आने वाली दिक्कतों को देखते हुये सुप्रीम कोर्ट ने 'इंस्टेंट टेली मैसेजिंग' सेवा के इस्तेमाल को मंजूरी प्रदान की है। मुख्य न्यायाधीश एस.ए. बोबड़े की अध्यक्षता वाली बेंच ने एक सुनवाई के दौरान कहा कि कोरोना महामारी के कारण नोटिस और समन जैसी सेवाओं के लिये डाकघर जाना संभव नहीं है। ये सेवायें ईमेल और फैक्स जैसी इंस्टेंट टेली मैसेजिंग सेवाओं के जरिए प्रदान की जा सकती हैं।

● संसद की विभिन्न विभागों से संबंधित स्थाई समितियों ने एक बार फिर काम करना शुरू कर दिया है। देशभर में कोरोना महामारी के कारण ये समितियां पिछले साढ़े तीन महीने से काम नहीं कर रही थीं। उपराष्ट्रपति श्री एम. वेंकैया नायडू ने बताया कि संसदीय समितियों की पिछली बैठक 23 मार्च को हुई थी। अब संसदीय समितियों की बैठक में कोरोना गाइडलाइंस का पालन किया जा रहा है।

12 जुलाई

वाहन रजिस्ट्रेशन से पहले देनी होगी फास्टैग की जानकारी

● देशभर में नये वाहनों के पंजीकरण से पहले और राष्ट्रीय परमिट वाले वाहनों के लिये फिटनेस प्रमाण-पत्र जारी करने से पहले फास्टैग की जानकारी देनी होगी। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह (एनईटीसी) से नये वाहनों के पंजीकरण से पहले फास्टैग विवरण लेना सुनिश्चित करने

के लिये कहा है। मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा कि वाहन पोर्टल के साथ एनईटीसी को पूरी तरह जोड़ दिया गया है। अब व्हीकल आईडेंटिफिकेशन नंबर (वीआईएन) के जरिये फास्टैग पर सभी जानकारी हासिल किया जा सकता है। मंत्रालय ने कहा कि इससे यह पता लगाया जा सकेगा कि यह वाहन फास्टैग भुगतान के लिये इलेक्ट्रॉनिक माध्यम का उपयोग करता है या नहीं।

● संसद का मानसून सत्र अगस्त माह में आयोजित हो सकता है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा कि संसद का मानसून सत्र आरंभ करने के संबंध में जल्द ही फैसला किया जायेगा। उन्होंने कहा कि संसद चलने के लिये कई उपायों पर विचार किया गया है।

● सिंगापुर में प्रधानमंत्री ली सिएन लूंग की पार्टी ने आम चुनाव में शानदार जीत हासिल की है। लूंग की पीपुल्स एक्शन पार्टी ने संसद की 93 में से 83 सीटों पर कब्जा जमाया है। वहीं भारतीय मूल के प्रीतम सिंह की वर्कर्स पार्टी ने 10 सीटें जीती हैं। चुनाव में पीपुल्स एक्शन पार्टी को 61.24 प्रतिशत वोट मिले हैं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1965 में सिंगापुर की स्वतंत्रता के बाद से ही पीपुल्स एक्शन पार्टी सत्ता में है।

13 जुलाई

अमेरिका में नये वीजा नियमों के विरोध में उतरे शिक्षण संस्थान

● अमेरिका में नये वीजा नियमों के खिलाफ अब शैक्षणिक संस्थान उतर आये हैं। अमेरिका के 180 शैक्षणिक संस्थानों ने नये वीजा नियमों के खिलाफ कोर्ट में अपील की है। नये वीजा नियमों के खिलाफ हार्वर्ड यूनिवर्सिटी और मेसाच्यूसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने भी कोर्ट में अपील की है। इन दोनों संस्थानों के फैसले को अन्य शैक्षणिक संस्थानों ने समर्थन किया है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका के इमीग्रेशन एंड कस्टम्स इनफोर्समेंट विभाग ने एफ-1 और एम-1 वीजा के लिये नई गाइडलाइन जारी करते हुये कहा था कि कोरोना महामारी के कारण जिन विदेशी छात्रों का पाठ्यक्रम सिर्फ ऑनलाइन कक्षाओं तक सिमट गया है, उन्हें अमेरिका से जाना होगा या निर्वासन का सामना करना होगा।

● नेशनल पेंशन स्कीम के उपभोक्ताओं को जल्द ही सिस्टेमेटिक इंवेस्टमेंट प्लान

(एसआईपी) के जरिये निवेश का विकल्प मिल सकता है। यह निवेश वैसे ही काम करेगा जैसे म्यूचुअल फंड में करता है। हालांकि इस सुविधा के शुरू होने की तारीख तय नहीं हुई है। इस सुविधा को उपभोक्ता की रजामंदी के बाद ही शुरू किया जायेगा।

14 जुलाई

लंबित आयकर रिटर्न 30 सितंबर तक हो सकेगा वैलिडेट

● आयकर विभाग ने वित्तीय वर्ष 2015-16 से लेकर 2019-20 तक के लिये लंबित

Central Board of Direct Taxes
(CBDT)

आयकर रिटर्न दाखिल करने के लिये विशेष अभियान शुरू किया है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने कहा कि बड़ी संख्या में लोगों ने आयकर रिटर्न ऑनलाइन भरा है, लेकिन सेंट्रल प्रोसेसिंग सेंटर बेंगलुरु में आईटीआर-5 फॉर्म जमा न होने से ये रिटर्न पेंडिंग हैं। पिछले पांच वर्षों से पेंडिंग ऐसे रिटर्न के लिये 30 सितंबर 2020 तक फॉर्म आईटीआर-5 फॉर्म जमा किये जा सकते हैं।

● इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने इस महीने

The Institute of Chartered Accountants of India

के अंत में शुरू होने वाली चार्टर्ड अकाउंटेंट परीक्षा रद्द कर दी है। आईसीएआई ने यह जानकारी सुप्रीम कोर्ट में दी। आईसीएआई ने बताया कि देश में कोरोना महामारी की स्थिति को देखते हुये चार्टर्ड अकाउंटेंट परीक्षा को स्थगित किया गया है। यह परीक्षा 29 जुलाई से आयोजित होनी थी, अब यह परीक्षा नवंबर में आयोजित होगी। हालांकि आईसीएआई ने कहा कि नवंबर माह में यह परीक्षा उस समय के हालात पर निर्भर करेगी। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने आईसीएआई से कहा था कि परीक्षा के लिये छात्रों को परीक्षा केंद्र बदलने का विकल्प दिया जाना चाहिये।

● अमेरिका के सैन डिएगो में एक नेवल बेस में एक जहाज में आग लगने से 17 नौसैनिकों सहित 57 लोग घायल हो गये हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, दुर्घटना के समय जहाज पर 160 नाविक सवार थे। जहाज में आग लगने के बाद क्रू सहित सभी लोगों को सुरक्षित बहार निकाल लिया गया। अमेरिकी पैसिफिक फ्लीट के प्रवक्ता माइक रैने ने बताया कि घायलों का इलाज स्थानीय अस्पताल में किया जा रहा है। पोत में विस्फोट होने और आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

15 जुलाई

ब्रिटेन में मास्क नहीं पहनने पर लगेगा भारी जुर्माना

● ब्रिटेन में कोरोना महामारी के बढ़ते मामलों को देखते हुये मास्क पहनना

अनिवार्य कर दिया गया है। इंग्लैंड में दुकानों में खरीदारी करते समय लोगों को मास्क लगाना होगा। मास्क नहीं लगाने वाले लोगों पर सौ पाउंड (लगभग) 9400 रुपये) तक जुर्माना लगाया जा सकता है। मास्क लगाने संबंधी नियम 24 जुलाई से लागू होंगे। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने कहा कि लोगों को दुकानों में चेहरा ढंकना चाहिये। वहीं आयरलैंड में बिना मास्क लगाए बस या ट्रेन में सफर करने वाले लोगों के लिये छह माह की सजा का प्रावधान भी किया गया है।

● केंद्र सरकार ने सभी केंद्रीय अर्धसैनिक बल सीआरपीएफ, आईटीबीपी, बीएसएफ, सीआईएसएफ और एनएसजी को पत्र लिखकर कर्मियों के लिये फेसबुक प्रतिबंधित करने के लिये कहा है। गृह मंत्रालय ने बताया कि उसे केंद्रीय गृह राज्यमंत्री श्री जी. किशन रेड्डी की ओर से अर्धसैनिक बलों के लिये विदेशी एप का इस्तेमाल बंद करने का ई-मेल मिला है। इसी आधार पर सभी केंद्रीय अर्धसैनिक बलों को पत्र भेजा गया है। इसके अलावा गृह मंत्रालय ने पूर्व सैनिकों को भी फेसबुक का इस्तेमाल बंद करने को कहा है।

● दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और बेंगलुरु जैसे बड़े शहरों में पार्किंग के लिये फास्टैग का इस्तेमाल किया जा सकता है। नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया बड़े शहरों में फास्टैग के साथ शत-प्रतिशत संपर्क रहित और इंटरऑपरेबल पार्किंग सॉल्यूशन का विस्तार करने जा रहा है। इससे कॉन्टेक्टलैस पार्किंग संभव हो सकेगी। इस सुविधा के लिये ग्राहकों को अतिरिक्त शुल्क नहीं देना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि हैदराबाद एयरपोर्ट पर फास्टैग के जरिये पार्किंग शुल्क वसूलने की सुविधा पहले से उपलब्ध है।

16 जुलाई

नीट पीजी में दाखिले के लिये कम किये गये 50 पर्सेंटाइल

● एमबीबीएस के बाद पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिये नीट पीजी के पर्सेंटाइल में 50



प्रतिशत तक की कमी की गई है। मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स ने यह फैसला लिया है। बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अनुसार, सामान्य श्रेणी के छात्र अब 50 की जगह 30 पर्सेंटाइल में भी नीट पीजी में प्रवेश ले सकते हैं। वहीं अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अति पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिये यह सीमा 40 से घटाकर 20 पर्सेंटाइल कर दी गई है। सामान्य श्रेणी के दिव्यांग छात्रों को नीट पीजी में प्रवेश 25 पर्सेंटाइल पर मिलेगा। उल्लेखनीय है कि नीट पीजी-2020 में 48 हजार सीटें उपलब्ध हैं, इनमें से 3 हजार सीटें अभी भी खाली हैं।

● केंद्र सरकार ने देश की तीनों सेनाओं-थलसेना, वायुसेना और नौसेना को 300 करोड़ रुपये के हथियार और युद्धक साजो-सामान खरीदने के लिये विशेष वित्तीय अधिकार दिये हैं। केंद्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा अधिग्रहण परिषद् की बैठक में यह मंजूरी प्रदान की गई। यह मंजूरी मिलने के बाद सेनायें अब आपात परिचालन जरूरतों को पूरा करने के लिये अपने स्तर पर रक्षा खरीद कर सकेंगी। इस निर्णय के बाद रक्षा खरीद से जुड़ी समय-सीमा कम हो जायेगी। उल्लेखनीय है कि लद्दाख में चीन के गतिरोध के बीच सेना के तीनों अंगों ने कई तरह के सैन्य उपकरणों, अस्त्र-शस्त्रों और सैन्य प्रणालियों की खरीद शुरू कर दी है।

● केंद्र सरकार ने सशस्त्र बलों के कर्मचारियों के लिये अशक्त पेंशन की योग्यता 10 वर्ष या उससे ज्यादा की नौकरी की अनिवार्यता समाप्त कर दी है। इस निर्णय से उन सशस्त्र बलों के कर्मियों को भी अशक्त पेंशन मिल सकेगी, जिन्होंने 10 या इससे कम वर्ष सेना को अपनी सेवायें दी हैं। रक्षा मंत्रालय के अनुसार ऐसे सैनिक जिनकी सेवा 10 वर्ष से कम की है और जिनके जख्मी होने या मानसिक कमजोरी के कारण उनकी सेवा आगे नहीं बढ़ाई गई हो या अमान्य की गयी हो, उन्हें इस फैसले से लाभ मिलेगा। उल्लेखनीय है कि अशक्त पेंशन सशस्त्र बलों के उन कर्मियों को दी जाती है, जो सेवा के दौरान किसी दुर्घटना में घायल होकर दिव्यांग हो जाते हैं।

17 जुलाई

कैशलेस इलाज नहीं करने वाले अस्पतालों पर होगी कार्रवाई

● भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) ने ऐसे अस्पतालों पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी है, जो स्वास्थ्य बीमा होने के बावजूद कोरोना संक्रमित मरीजों को कैशलेस इलाज की सुविधा देने से इंकार कर रहे हैं। इरडा ने कहा कि बीमा कंपनियों के नेटवर्क वाले अस्पतालों ने मरीजों के कैशलेस इलाज से इंकार किया तो सर्विस लेवल एग्रीमेंट के तहत उचित कार्रवाई की जायेगी। इरडा द्वारा जारी एक सर्कुलर में कहा गया कि बीमा कंपनियां इस तरह की शिकायतों के लिये विशेष शिकायत निवारण सेल गठित करें और उनका निपटारा करें।

● अमेरिका में कोरोना महामारी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। अमेरिका के 50 राज्यों में से 40 से अधिक राज्यों में कोरोना संक्रमण तेज गति से बढ़ रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार, कैलिफोर्निया, फ्लोरिडा और टेक्सास राज्य इस महामारी के नये केंद्र के तौर पर उभर रहे हैं। इन राज्यों में प्रतिदिन 10 हजार से ज्यादा नये केस मिल रहे हैं। उल्लेखनीय है कि कोरोना महामारी का सबसे व्यापक असर अमेरिका में पड़ा है। अमेरिका में 36 लाख से ज्यादा लोग कोरोना संक्रमित हो चुके हैं, इनमें से 1 लाख 40 हजार लोगों की मृत्यु हो गई है।

● केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने एम्स, नई दिल्ली के राजकुमारी अमृत कौर ओपीडी ब्लॉक का उद्घाटन किया। लगभग 6300 वर्गमीटर के क्षेत्र में निर्मित राजकुमारी अमृत कौर ओपीडी भारत का सबसे बड़ा ओपीडी है। इस ओपीडी ब्लॉक में स्मार्ट लैब भी है, जिसे 15 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। यह एक एकल एकीकृत वर्क फ्लो में विभिन्न विश्लेषकों और प्रौद्योगिकियों को जोड़ता है। यहां पूर्व-विश्लेषणात्मक, विश्लेषणात्मक और विश्लेषण के बाद की स्थिति एक रोबोट ट्रैक के जरिए भौतिक रूप से जुड़ी हुई हैं तथा तकनीकी रूप से एकीकृत हैं। इसमें प्रतिदिन 2 लाख परीक्षणों तक विस्तार किए जाने की क्षमता है। प्रतिदिन 10 हजार से अधिक रोगियों की जांच क्षमता के साथ यह एशिया-प्रशांत में इस तरह के ट्रैक-आधारित प्रयोगशाला स्वचालन प्रतिष्ठानों में से एक है और इसे एक वर्ष से भी कम समय में शुरू किया गया है।

● केंद्रीय जहाजरानी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री मनसुख मांडविया ने एक वर्चुअल समारोह में कोलकाता बंदरगाह से बांग्लादेश के चट्टग्राम बंदरगाह होते हुए अगरतला के लिए पहला परीक्षण मालवाहक जहाज को रवाना किया। ऐसा भारत के पारगमन जहाजों की आवाजाही के लिए चट्टग्राम और मोंगल बंदरगाह का उपयोग करने के लिए बांग्लादेश के साथ हुए समझौते के तहत किया गया है। इस अवसर पर श्री मनसुख मांडविया ने कहा कि यह मार्ग दोनों देशों के लिए नए अवसरों के द्वार खोलेगा। इससे बांग्लादेश के माध्यम से उत्तर पूर्व क्षेत्र को जोड़ने के लिए एक वैकल्पिक और छोटा मार्ग मिलेगा।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

रोज़गार और निर्माण वर्ष 37, अंक 29, 20.07.2020 से 26.07.2020

● प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े ● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी ● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह ● प्रभारी अधिकारी - नरेन्द्र कुमार बनवट (प्रसार एवं विज्ञापन)
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार) ● आकल्पन - आशा रोमन, हेमंत बायंगणकर, सुशील लांडगे ● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनी ऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर सम्पादक, रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें:-

रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011, फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : mpmdtp@yahoo.com**

रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

स्ट्रीट वेंडर्स के साथ मध्यप्रदेश सरकार

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोरोना के संकट में छोटा-छोटा व्यवसाय करने वाले स्ट्रीट वेंडर्स सबसे अधिक प्रभावित हुये। लेकिन राज्य सरकार उनके साथ खड़ी है। इन्हें अपने रोज़गार को चालू रखने और उसे बढ़ाने के लिये सहायता देने की योजना 'प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि योजना' का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिसमें मध्यप्रदेश अव्वल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सब्जी का ठेला लगाने वाले, चाट की दुकान चलाने वाले, सिलाई के कार्य से जुड़े वर्क और चाय आदि की दुकान संचालित करने वाले लघु व्यवसायियों को योजना का अधिकाधिक लाभ दिया जायेगा, ताकि ब्याज के बोझ से बचकर ये सभी अपना कार्य सुचारु रूप से कर सकें और परिवार का ठीक ढंग से गुजर-बसर कर सकें। छोटा-छोटा व्यवसाय करने वाले स्ट्रीट वेंडर्स की आर्थिक परेशानियों को दूर करने के लिये सरकार उन्हें पूरा सहयोग देगी। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल स्थित मंत्रालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये प्रदेश के पथ विक्रेताओं से बातचीत करते हुये कहा कि प्रदेश में योजना के अंतर्गत सभी पंजीकृत स्ट्रीट वेंडर्स को परिचय पत्र देने की कार्यवाही पूर्ण की जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि योजना की निरंतर समीक्षा होगी। शहरी स्ट्रीट वेंडर्स के साथ ही ग्रामीण स्ट्रीट वेंडर्स के लिये भी दस हजार रुपये की ब्याज मुक्त सहायता देने की योजना संचालित की जा रही है। समय पर ऋण चुकाने पर अगले वर्ष दोगुनी राशि अर्थात् 20 हजार रुपये स्वीकृत किये जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कई बार छोटे व्यवसाय में लगे व्यक्ति की कर्ज चुकाते-चुकाते जिन्दगी बीत जाती है। इस योजना में हितग्राही को ऋण राशि 1 साल में लौटाने की सुविधा रहेगी और ब्याज न लगने से सबके व्यवसाय को संजीवनी मिलेगी। लोन की गारंटी सरकार वहन करेगी। बहुत से व्यवसायी जो अपना व्यवसाय बंद कर चुके थे अब वे फिर से अपना काम-धंधा शुरू कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने विभिन्न जिलों के योजना से लाभांवित हितग्राहियों से बातचीत की, अधिकांश लाभांवित हितग्राहियों का यही मानना था कि उन्हें संकट के समय सरकार ने बड़ा सहारा दिया है। इस योजना का क्रियान्वयन मध्यप्रदेश के 378 नगरीय निकायों में किया जा रहा है। कोविड-19 के संकट में शहरी पथ व्यवसायियों का रोज़गार प्रभावित होने पर उन्हें पुनः रोज़गार से जोड़ने और स्थायी आजीविका का साधन उपलब्ध कराने के लिये योजना प्रारंभ की गई। भारत सरकार ने पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना में शहरी क्षेत्र के स्ट्रीट वेंडर्स के लिये प्रावधान किये हैं। ऐसे पथ विक्रेता जो 24 मार्च 2020 के पहले पथ विक्रेता रहे हों या कोरोना के कारण अन्य प्रदेश से अपने प्रदेश में लौट आये हों वे योजना में पात्र होंगे। शहरी क्षेत्र के नजदीक के ग्रामीण क्षेत्र के पथ विक्रेता जो शहर में कार्य करने आते हैं वे भी इस योजना का लाभ ले सकेंगे। योजना में एक साल के लिये 10 हजार रुपये की कार्यशील पूंजी प्रदान की जायेगी, जो पूरी तरह ब्याजमुक्त होगी। इस ऋण राशि पर आने वाले ब्याज अनुदान का 7 प्रतिशत भारत सरकार और शेष राज्य सरकार द्वारा वहन किया जायेगा। डिजिटल ट्रांजेक्शन पर साल में अधिकतम 1200 रुपये का विशेष अनुदान भी प्राप्त होगा। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश सरकार ने 6 जून 2020 को मुख्यमंत्री शहरी संगठित कामगार एकीकृत पोर्टल तैयार किया था, इसमें प्रदेश के नगरीय निकायों के करीब 8 लाख 70 हजार पथ विक्रेता रजिस्टर्ड हुये हैं। प्रदेश के पथ विक्रेताओं के लिये मध्यप्रदेश सरकार की यह एक अच्छी पहल है। प्रदेश के पथ विक्रेताओं को इससे निश्चित ही लाभ होगा।

ब्रह्मांड को जानें

पृथ्वी

गतांक से आगे - स्थलमंडल पृथ्वी का ऊपरी पटल है, जिसके ऊपर हमारे महाद्वीप एवं समुद्री भाग स्थित हैं। महाद्वीपीय क्षेत्रों में यह सर्वाधिक मोटा है, जहां इसकी औसत मोटाई 40 किलोमीटर है। समुद्री भागों में यह अत्यधिक पतला है, जहां इसकी अधिकतम ऊंचाई 10 से 12 किलोमीटर तक हो सकती है। यह पृथ्वी के सम्पूर्ण आयतन का लगभग 1 प्रतिशत और उसके कुल द्रव्यमान का 0.4 प्रतिशत है। यद्यपि स्थलमंडल में तकनीकी दृष्टि से भूमि-भाग और समुद्री तल दोनों को ही शामिल किया जाता है, फिर भी अक्सर इसका प्रयोग केवल भूमि-तल दर्शाने के लिये ही किया जाता है। इस दृष्टि से स्थलमंडल संपूर्ण पृथ्वी का केवल चौथाई भाग है। शेष तीन चौथाई भाग समुद्र ने ले लिया है।

भूमि तल पर चट्टानी दृश्यांश वाले भागों को छोड़कर शेष संपूर्ण भाग बालू या मृदा है। समस्त बालू और अधिकांश मृदा जो हमें आज दिखाई पड़ते हैं, वह प्राचीन चट्टानों से उत्पन्न हुये हैं। मूल रूप से स्वयं चट्टानें गलित मैग्मा से बनी थीं, जो पृथ्वी के भीतरी भाग से फूटकर निकला था। पृथ्वी की शक्तिशाली हलचलों ने कुछेक चट्टानों को ऊपरी सतह तक उठा दिया, जहां उन पर जलवायवी प्रभाव पड़े। चट्टानों के टूटकर बालू बनने की जो प्रक्रिया है, भूविज्ञान में 'अपक्षयण' कहलाती है। चट्टान-अपक्षयण में बहुत से घटक काम करते हैं, जिनमें स्वयं जलवायु अत्यधिक महत्वपूर्ण है।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

वर्ल्ड हेपेटाइटिस डे | 28 जुलाई

सतत जागरूकता ही है हेपेटाइटिस जैसे गंभीर रोग का समाधान

सर्जना चतुर्वेदी
(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

किसी के परिवार में सच्ची खुशी लाने के लिए तथा एक शांत मन पाने के लिए सबसे पहले खुद को अनुशासित करना चाहिए और अपने मन को नियंत्रित करना होगा। यदि मनुष्य अपने मन को नियंत्रित कर सकता है तो वह आत्मज्ञान का मार्ग खोज सकता है। सभी ज्ञान और गुण स्वाभाविक रूप से उसके पास आएंगे और यह सब तभी सम्भव है जब आपके पास एक स्वस्थ शरीर है। गौतम बुद्ध का यह विचार जीवन में स्वास्थ्य के महत्व को बताता है। आज जब हम सभी कोरोना के संक्रमणकाल से गुज़र रहे हैं और कोरोना के साथ ज़िंदगी की लड़ाई लड़कर हर दिन जी रहे हैं, तब भी यही अहसास साथ है कि स्वस्थ रहना ही हम सबकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

किसी भी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता लाने और उसके गंभीर खतरों से सतर्क करने के लिए एक खास दिन समर्पित है। इसलिये 28 जुलाई को हर वर्ष हेपेटाइटिस डे पूरी दुनिया में मनाया जाता है। हेपेटाइटिस एक तरह के वायरस का संक्रमण है, इसकी वजह से व्यक्ति के लिवर में सूजन आ जाती है, लेकिन अधिकतर लोगों को इस बारे में पता नहीं है कि यह एक जानलेवा रोग है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार इस समय पूरी दुनिया में 29 करोड़ लोग ऐसे हैं, जो हेपेटाइटिस से ग्रसित तो हैं, लेकिन उन्हें इसके बारे में जानकारी नहीं है। दुनिया में लोगों की मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक हेपेटाइटिस है, मलेरिया और एड्स की कुल मौतों से अधिक मौतें अकेले हेपेटाइटिस से हर साल होती हैं।

Find The Missing Millions है 2020 की थीम

'विश्व हेपेटाइटिस दिवस' हेपेटाइटिस के बारे में जागरूकता बढ़ाने और वर्ष 2030 तक (वर्ष 2015 आधाररेखा की तुलना के साथ नए संक्रमण में नब्बे प्रतिशत और मृत्यु दर में पैंसठ प्रतिशत तक कमी लाने) वैश्विक उन्मूलन के लक्ष्य की प्राप्त करने के लिए व्यक्ति विशेष, सामूहिक रूप से और आमजन द्वारा की जाने वाली कार्रवाई को प्रोत्साहित करने के लिए देश-विदेश में प्रतिवर्ष 28 जुलाई को मनाया जाता है। 28 जुलाई की तारीख का चयन इसलिए किया गया, क्योंकि इस दिन नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक डॉ. बरुच ब्लुमबर्ग का जन्मदिन है, जिन्होंने हेपेटाइटिस बी वायरस (एचबीवी) की खोज की तथा वायरस के लिए जरूरी परीक्षण तथा टीका विकसित किया। डब्ल्यूएचओ के अनुसार वर्ष 2020 का विश्व हेपेटाइटिस दिवस का विषय 'Find The Missing Millions' है। यह विषय इसलिए चुना गया है, क्योंकि पूरी दुनिया में लगभग 29 करोड़ लोग ऐसे हैं, जिन्हें नहीं पता कि वे हेपेटाइटिस से ग्रस्त हैं। हेपेटाइटिस से ग्रसित 10 में से 9 लोग ऐसे हैं, जो इस बात से अनजान हैं कि उन्हें हेपेटाइटिस है और जब कोई यह जानता ही नहीं कि वह बीमार है तो उसका उपचार कैसे होगा। हेपेटाइटिस दिवस के प्रति जागरुकता के लिए सोशल मीडिया, इंस्टाग्राम, ट्विटर समेत सभी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर कैंपेन भी चलाए जा रहे हैं।

ब्लूमबर्ग को मिला था हेपेटाइटिस वायरस के इलाज के लिए नोबेल सम्मान

28 जुलाई 1925 को अमेरिका के न्यूयॉर्क में जन्मे फिजीशियन डॉ. बरुच सेम्युअल ब्लूमबर्ग कभी मैथमेटिक्स की पढ़ाई करने वाले थे, लेकिन अपने पिता के कहने पर उन्होंने मेडिकल की राह को चुना। उनका यह फैसला न केवल उनके लिए, बल्कि पूरे चिकित्सा जगत के लिए लाभदायक सिद्ध हुआ। डॉ. ब्लूमबर्ग और उनके साथी ने हेपेटाइटिस-बी वायरस की खोज 1967 में कर ली थी और इसे पहचानने के लिए किए जाने वाले टेस्ट और इसकी पहली वैक्सीन उन्होंने 1969 में विकसित कर ली। उनकी इस खोज से न केवल लिवर कैंसर की एक बड़ी वजह का पता चला, बल्कि उनकी यह वैक्सीन कैंसर के इलाज में प्रयोग की जाने वाली पहली वैक्सीन बनी। डॉ. ब्लूमबर्ग को अपने इस महान योगदान के लिए 1976 में नोबल पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। डॉ. ब्लूमबर्ग ने अपने विज्ञान के कैरियर को पूरी तरह हेपेटाइटिस बी से जुड़ी समस्याओं के समाधान और हेपेटाइटिस-बी फाउंडेशन के निर्माण में लगा दिया। वे नासा में सीनियर एडवाइजर के पद पर भी रहे। उन्होंने ताउम्र सक्रिय रहकर अपने जीवन को जिया। 5 अप्रैल 2011 को उनकी मृत्यु हो गई।

अधिकांश मामलों में नहीं नज़र आते कोई लक्षण

हेपेटाइटिस को दो भागों में बांटा गया है। ब्लड के संक्रमण के कारण होने वाला हेपेटाइटिस बी और सी है तथा पानी के संक्रमण की वजह से हेपेटाइटिस ए और डी होता है। हेपेटाइटिस बी और सी के संक्रमण के कारण लिवर काफी शक्तिशाली हो जाता है। इसके अधिकतर मामलों में कोई लक्षण नहीं दिखाई देते, जब तक लिवर 75 प्रतिशत क्षतिग्रस्त नहीं हो जाता। हेपेटाइटिस का संक्रमण किसी भी व्यक्ति को कभी भी हो सकता है, लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है, क्योंकि इस बीमारी से बचाव के लिए वैक्सीन ले सकते हैं और अगर इससे पीड़ित हो गए हैं तो अधिकतर मामलों में इसका उपचार भी संभव है।

इन वजहों से हो सकता है हेपेटाइटिस

पूरे विश्व में हेपेटाइटिस का सबसे प्रमुख कारण हेपेटाइटिस वायरस है, इसके अलावा कुछ अन्य संभावित कारण भी हैं।

विभिन्न प्रकार के संक्रमण

- नशीले पदार्थ का सेवन।
- ऑटोइम्यून डिसीज के कारण भी हेपेटाइटिस हो सकता है।
- कुछ दवाइयों के साइड इफेक्ट्स के कारण।

हेपेटाइटिस के प्रकार

हेपेटाइटिस की बीमारी पांच प्रकार की होती है। हेपेटाइटिस ए, बी, सी, डी और ई। हर प्रकार के हेपेटाइटिस के लिए बचाव और उपचार अलग-अलग होते हैं।

ए : इस हेपेटाइटिस से व्यक्ति तब पीड़ित होते हैं, जब हेपेटाइटिस ए वायरस से संक्रमित पानी पीते या भोजन करते हैं। यह संक्रामक रोग है, इसलिए अगर ऐसे व्यक्ति के शारीरिक संपर्क में है जिसे हेपेटाइटिस ए है तो भी इस बीमारी के शिकार हो सकते हैं। हेपेटाइटिस ए से बचने के लिए इसकी वैक्सीन लगवाएं। बच्चों को पहले जन्मदिन के कुछ दिन बाद ही यह वैक्सीन लगवा देनी चाहिए। अगर ऐसे स्थान पर जा रहे हैं, जहां इसके संक्रमण का खतरा अधिक है, तो अपने खाने-पीने को लेकर अधिक सावधानी रखिए। प्रदूषित पानी, बर्फ, सब्जियां, फल और अधपका खाना खाने से यह बीमारी हो सकती है।

बी : अगर हेपेटाइटिस बी से संक्रमित व्यक्ति के ब्लड, सीमन या लार आदि के संपर्क में आएंगे, तो इस संक्रमण के होने की आशंका बढ़ जाएगी। संक्रमित व्यक्ति के साथ शारीरिक संबंध बनाने या उसके द्वारा इस्तेमाल की गई सुई शेयर करना इसकी चपेट में आने का सबसे प्रमुख रिस्क फैक्टर है। आजकल कई युवा टैटू बनवाते हैं, उसमें सावधानी न बरतने पर भी यह बीमारी हो सकती है। इसकी रोकथाम में वैक्सीन काफी कारगर है। बच्चों को जन्म के तुरंत बाद इसकी पहली डोज़ दे देनी चाहिए। अगर किडनी या लिवर से संबंधित कोई स्वास्थ्य समस्या है या ऐसे स्थान पर जा रहे हैं जहां हेपेटाइटिस बी के संक्रमण का खतरा अधिक है तो वैक्सीनेशन जरूर कराएं।

सी : हेपेटाइटिस सी के लिए कोई वैक्सीन नहीं है और अधिकतर लोगों में कई वर्षों तक कोई लक्षण दिखाई नहीं देते हैं, इसलिए लोगों को पता ही नहीं चलता की वो इससे संक्रमित हैं। इससे बचाव के लिए किसी व्यक्ति द्वारा प्रयोग की हुई सुई का प्रयोग न करें।

डी : हेपेटाइटिस डी का संक्रमण केवल उन लोगों में होता है , जो हेपेटाइटिस बी वायरस से संक्रमित होते हैं। एचडीवी और एचबीवी दोनों संक्रमण के कारण बीमारी अधिक गंभीर हो जाती है। जिन लोगों को हेपेटाइटिस बी है वो विशेष सावधानी रखें, ताकि हेपेटाइटिस डी की चपेट में आने से बच सकें।

ई : हेपेटाइटिस ए के समान ही हेपेटाइटिस ई के वायरस भी गंदे पानी या भोजन के द्वारा फैलते हैं। मानसून में इसके मामले बहुत अधिक सामने आते हैं। साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

(फोटो गूगल से साभार)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग संभाग भिण्ड (म.प्र.)

Website : www.mp.gov.in/pwd.mp, Email : eepwdbhind@mp.nic.in
Phone : 07534-234714, Fax : 233301

क्रमांक 2784/व.ले.लि./2020-21 भिण्ड/दिनांक 03.07.2020

निविदा विज्ञप्ति सूचना क्रमांक 03/2020-21

मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से म.प्र. के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु सड़क एवं भवन कार्यों की अनुसूची पर प्रभावशील दिनांक 29.08.2017, 01.08.2014 पर निविदा आमंत्रण सूचना जारी होने के दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित ई-टेण्डरिंग पद्धति द्वारा ऑनलाइन निविदा में अपेन्डिक्स 2.10 में निहित शर्तों के अनुरूप आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं कार्यों का विवरण वेवसाइट **http://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है। वेवसाइट पर होने वाली तकनीकी समस्याओं हेतु विभाग जिम्मेदार नहीं होगा।

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. निर्माण कार्य मेंहदा से इंदुर्खी व्हाया मानगढ़ मार्ग लं. 8.20 कि.मी.।

टेण्डर आई.डी. क्र.	अनुमानित लागत (लाखों में)	अग्रिम धरोहर राशि (रुपयों में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	आमंत्रण क्रमांक	टीप
2020_PWDRB_96712	601.05 (छः करोड़ एक लाख पांच हजार)	601050/-	20000/-	16 माह वर्षाकाल सहित।	प्रथम	मुख्य अभियंता (उ) परिक्षेत्र लो.नि.वि. ग्वालियर म.प्र.
2. निर्माण कार्य कोट से पडौरा मार्ग मय पुलिया कार्य लं. 4.70 कि.मी.।						
2020_PWDRB_96715	278.83 (दो करोड़ अठत्तर लाख तिरासी हजार)	278830/-	15000/-	14 माह वर्षाकाल सहित।	प्रथम	मुख्य अभियंता (उ) परिक्षेत्र लो.नि.वि. ग्वालियर म.प्र.
3. उपसंभाग मेंहगांव के अंतर्गत डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच रिपेयर, बी.टी. नवीनीकरण, एवं परफॉरमेन्स गारंटी वाले मार्गों पर बी.टी. नवीनीकरण कार्य व अतिविशिष्ट अतिथियों के कार्यक्रम, हैलीपैड निर्माण आदि।						
2020_PWDRB_96717	49.40 (उनंचास लाख चालीस हजार)	50000/-	5000/-	31.12.2020 तक	द्वितीय	मुख्य अभियंता (उ) परिक्षेत्र लो.नि.वि. ग्वालियर म.प्र.
4. मरम्मत कार्य श्री राधाकृष्ण जी मंदिर ग्राम नौनेरा तहसील गोहद जिला भिण्ड।						
2020_PWDRB_96718	11.18 (उनंचास लाख चालीस हजार)	22360/-	2000/-	04 माह वर्षाकाल सहित।	प्रथम	कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संभाग भिण्ड म.प्र.
5. निर्माण कार्य बाउण्ड्रीवॉल रेस्ट हाउस दंदरौआ।						
2020_PWDRB_96719	4.46 (चार लाख छियालीस हजार)	8920/-	2000/-	02 माह वर्षाकाल सहित।	प्रथम	कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संभाग भिण्ड म.प्र.
6. विशेष मरम्मत कार्य रेस्ट हाउस अटेर।						
2020_PWDRB_96720	4.45 (चार लाख पैंतालीस हजार)	8900/-	2000/-	02 माह वर्षाकाल सहित।	प्रथम	कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संभाग भिण्ड म.प्र.

योग :- 06 कार्य :- 949.37 (नौ करोड़ उनंचास लाख सैंतीस हजार मात्र)

1.	ऑनलाइन टेण्डर पब्लिश दिनांक	06.07.2020 समय 17.30 बजे
2.	निविदा प्रपत्र डाउनलोड/विक्रय प्रारंभ दिनांक	06.07.2020 समय 17.30 बजे
3.	निविदा प्रपत्र विक्रय का अंतिम दिनांक	**21.07.2020 समय 17.30 बजे**
4.	ऑनलाइन विड सबमिशन का प्रारंभ दिनांक	06.07.2020 समय 17.30 बजे
5.	ऑनलाइन विड सबमिशन का अंतिम दिनांक	21.07.2020 समय 17.30 बजे
6.	फिजीकल डॉक्यूमेंट सबमिशन का अंतिम दिनांक	22.07.2020 समय 17.30 बजे
7.	विड ओपनिंग दिनांक	23.07.2020 समय 11.30 बजे

a. अनुबंध के पूर्व एवं अनुबंध अवधि में लेवर पंजीयन कराना अनिवार्य होगा, निविदा की वैधता अवधि 120 दिवस होगी।
b. निविदा संबंधी संशोधन उसी टेण्डर में ऑनलाइन देखे जा सकेंगे, अतिरिक्त प्रेस नोट नहीं निकाला जावेगा।
c. सक्षम अधिकारी को निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
d. उपरोक्त कार्यों हेतु संबंधित मद में आवंटन उपलब्ध होने पर ही भुगतान हो सकेगा।
e. समस्त जरूरी दस्तावेज व्यक्तिगत रूप से/पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा नियत दिनांक एवं समय तक कार्यालय में प्राप्त होना अनिवार्य है, अन्यथा की स्थिति में ठेकेदार स्वयं जिम्मेदार होंगे।
f. उपरोक्त वेवसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेवसाइट में देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
जी-12674/44122/2020 लो.नि.वि. संभाग भिण्ड

कार्यालय अधिष्ठाता बुन्देलखण्ड चिकित्सा महाविद्यालय, सागर
शिवाजी वार्ड, तिली रोड, सागर (म.प्र.) - 470001

Website : bmcsagar.edu.in, E-mail : deansmc08@yahoo.co.in
फोन नं. 07582-236270, फैक्स नं. 07582 - 236457

शासकीय बुन्देलखण्ड चिकित्सा महाविद्यालय चिकित्सालय के पैथोलॉजी विभाग में स्थापित Automated Coagulation Analyzer Diagnostica Stago STA (Stago STA Sateliite) में लगने वाले डी-डाइमर रीएजेंट्स हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रण-सूचना

निविदा का नाम - शासकीय बुन्देलखण्ड चिकित्सा महाविद्यालय चिकित्सालय के पैथोलॉजी विभाग में स्थापित Automated Coagulation Analyzer Diagnostica Stago STA (Stago STA Sateliite) में लगने वाले डी-डाइमर रीएजेंट्स हेतु ऑनलाइन निविदा

प्री-विड मीटिंग	निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि	निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	निविदा धरोहर राशि	निविदा का मूल्य
16.07.2020 दोपहर 3 बजे अधिष्ठाता कार्यालय सभागार	**27.07.2020** दोपहर 05.30 तक	**27.07.2020** शाम 05.30 बजे तक	**29.07.2020** दोपहर 03.00 बजे अधिष्ठाता कार्यालय के सभागार	रु. 10000/- मात्र	रु. 2000/- मात्र

इच्छुक फर्म/संस्था/व्यक्ति ऑनलाइन वेवसाइट **http://mptender.gov.in** से एवं हमारी वेवसाइट **www.bmcsagar.edu.in** से भी निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। निविदा में किये गये कोई भी संशोधन की जानकारी केवल महाविद्यालय की वेवसाइट पर उपलब्ध कराई जावेगी।

अधिष्ठाता
जी-12631/44123/2020 बुन्देलखण्ड चिकित्सा महाविद्यालय सागर (म.प्र.)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, परियोजना खण्ड कटनी
निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 15-18/2020-21

इस कार्यालय की निविदा क्रमांक 15-18/2020-21 द्वारा कटनी जिले के विभिन्न विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में 350/150 एम.एम. ग्रेवल पैक 150 एम.एम. साधारण, 125/115 एम.एम. व्यास एवं 120 मी. गहरे एवं 300/100 एम.एम. ग्रेवल पैक नलकूप खनन कार्य हेतु जारी की गई है।

Bid Opening Date - 06.08.2020

NIT No.	E_Tender	Name of Work	PAC	MED	Form Cost	Work Time	श्रेणी
15	2020_PHED_97767	कटनी जिले में 20 नग 350/150 मि.मी. व्यास एवं 60 मी. गहरे नलकूप खनन कार्य।	17.00	34000	2000	03 माह	Registered New centralized registration Scheme
16	2020_PHED_97768	कटनी जिले में 20 नग 150 मि.मी. व्यास एवं 120 मी. गहरे नलकूप खनन कार्य।	14.26	28520	2000	03 माह	Registered New centralized registration Scheme
17	2020_PHED_97769	कटनी जिले में 20 नग 125/115 मि.मी. व्यास एवं 120 मी. गहरे नलकूप खनन कार्य।	14.98	29960	2000	03 माह	Registered New centralized registration Scheme
18	2020_PHED_97770	कटनी जिले में 20 नग 300/100 मि.मी. व्यास एवं 60 मी. गहरे नलकूप खनन कार्य।	17.22	34440	2000	03 माह	Registered New centralized registration Scheme

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
जी-12666/44126/2020 परियोजना खण्ड कटनी, फोन नं. 07622-225752

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग-खण्ड - अशोकनगर

क्रमांक 3530/व.ले.लि./2020-21/का.यं./लो.स्वा.यां./अशोकनगर, दिनांक 13.07.2020

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 16/व.ले.लि./2020-21

निम्न कार्यों हेतु निविदा ऑनलाइन वेवसाइट **https://mptender.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र 07.07.2020 से डाउनलोड किये जा सकते हैं निविदा प्रपत्र **दिनांक 07.07.2020 को 11.00 बजे** से क्रय किये जा सकते हैं निविदा में दर प्रस्तुत 22.07.2020 को सायं 17.30 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। निविदा में धरोहर राशि ऑनलाइन प्रस्तुत करनी होगी।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेवसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेवसाइट पर देखी जा सकती है।

स. क्र.	निविदा क्र.	निविदा क्रमांक	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (PAC)	धरोहर राशि (EMD)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	16	2020_PHED_96754_1	अशोकनगर जिले के विकासखण्ड चन्देरी के ग्राम नडेरी में ग्रामीण नल जल प्रदाय योजना के अन्तर्गत 75 कि.ली. की आर.सी.सी. उच्च स्तरीय टंकी 12 मी. स्टेजिंग, सम्पवेल, राइजिंग मेन, जल वितरण नलिका एवं नल कनेक्शन सहित समस्त कार्य।	57.95 लाख	57950/-	रु. 10000/-	180 दिन वर्षाकाल छोड़कर

कार्यपालन यंत्री
जी-12664/44125/2020 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड, अशोकनगर

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, खरगोन

फोन नं. : 07282-231402, eephedkhr@nic.in

क्रमांक 1507/निविदा/2020 खरगोन, दिनांक 13.07.2020

निविदा सूचना क्रमांक 22/2020-21 (तृतीय आमंत्रण)

कार्य का विवरण - खरगोन जिले के विभिन्न विकासखण्डों के अन्तर्गत स्थापित हेण्डपंपों के लघु एवं वृहद सुधार कार्य हेतु प्रमुख अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, भोपाल द्वारा जारी यू.एस.ओ.आर. जो दिनांक 03.07.2018 से प्रभावशील है एवं निविदा सूचना जारी होने के दिनांक तक संशोधित दरें लागू होंगी। निविदा एपेंडिक्स "2.10" पर ई-टेण्डरिंग पद्धति से ई-प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल (**http://www.mptenders.gov.in**) पर आमंत्रित की जाती है।

क्रमांक	सिस्टम टेंडर नं.	ग्राम/विकासखण्ड का नाम	कार्य की अनुमानित लागत	धरोहर राशि (रु. लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि	ठेकेदार की श्रेणी नवीन पंजीयन अंतर्गत
1.	2020_PHED_97521_1	खरगोन	4.03 लाख	8055/-	2000/-	06 माह	नवीन केन्द्रीयकृत प्रणाली के अन्तर्गत पंजीयन
भोपाल, मध्यप्रदेश में होशंगाबाद, मंडला, अशोकनगर, उज्जैन एवं आगर-मालवा जिले में रेत खदानों के लिये पूर्व में जारी की गई ई-निविदा को लाईव रखते हुए पूर्व में निर्धारित निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि, तकनीकी एवं वित्तीय प्रस्ताव खोले जाने की तिथि को बढ़ाया गया है। अब नई निर्धारित तिथि अनुसार निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 16 अक्टूबर, तकनीकी निविदा खोलने की तिथि 19 अक्टूबर और वित्तीय निविदा खोलने की तिथि 23 अक्टूबर की गई है। निविदा विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध है।

महाप्रबंधक (खान) ने बताया कि मानसून के सक्रिय हो जाने से खदानों के पहुंच मार्ग बाधित हो गये हैं और खदानों में पानी भर गया है। इस कारण खदानों का भौतिक निरीक्षण एवं उपलब्ध रेत की मात्रा का आकलन संभव नहीं है। इस कारण निविदा प्रस्तुत करने और तकनीकी एवं वित्तीय प्रस्ताव खोले जाने की तिथि को बढ़ाया गया है।

नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा के उपयोग को किया जाये प्रोत्साहित

नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा तथा पर्यावरण मंत्री श्री हरदीप सिंह डंग भोपाल में विभागीय बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा तथा पर्यावरण मंत्री श्री हरदीप सिंह डंग ने मंत्रालय में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा के संबंध में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुये कहा कि अधिकारी लोगों के बीच नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहित करने की दिशा में ठोस कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में काफी संभावनाएं हैं। आवश्यकता इस बात की है कि जनसाधारण को इस सिलसिले में जागरूक बनाया जाए।

श्री डंग ने कहा कि सौर ऊर्जा चलित पंपों में सरकार ने छूट दी है। शासकीय भवनों में भी सौर ऊर्जा के उपयोग से बिजली की खपत में काफी कमी आ सकती है। श्री डंग ने अधिकारियों से विभिन्न जिलों में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा के प्रति किसानों की दिलचस्पी के बाबत ब्योरा लिया।

नवकरणीय ऊर्जा मंत्री ने मुख्यमंत्री सोलर पंप, कुसुम 'अ' तथा सोलर रूफटॉप के बारे में भी जानकारी तलब की। बैठक में बताया गया कि जून 2020 तक मुख्यमंत्री सोलर पंप के तहत कुल 18 हजार 313 नग क्षमता स्थापित है।

श्री डंग ने नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा के संबंध में विभागीय अधिकारियों से भविष्य की विभागीय योजनाओं का ब्योरा लिया। उन्होंने मंदसौर क्षेत्र में अस्पताल और कॉलेज भवन में वैकल्पिक ऊर्जा के उपयोग किये जाने की पहल के बारे में भी चर्चा की। श्री डंग ने कहा कि अधिकारी पूरी ताकत से इस क्षेत्र में काम करें, तो बेहतरीन परिणाम सामने आएंगे।

नवकरणीय ऊर्जा मंत्री ने कहा कि स्कूल, कॉलेज, अस्पताल आदि में नवकरणीय ऊर्जा का उपयोग काफी उपयोगी साबित होगा। बैठक में पवन ऊर्जा, लघु जल विद्युत परियोजना की क्षमताओं के सिलसिले में भी चर्चा हुई।

श्री डंग ने अधिकारियों को हिदायत दी कि वे मुख्यमंत्री सोलर पंप के लिये पंजीयन का कार्य शीघ्र शुरू करें। अगली बैठक में इस सिलसिले में जानकारी ली जायेगी कि संबंधित अधिकारियों द्वारा अपेक्षित पहल की गई है अथवा नहीं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

उत्सवों पर सार्वजनिक झांकियां नहीं लगाई जाएंगी - मुख्यमंत्री

भोपाल, मध्यप्रदेश में कोरोना संक्रमण रोकने के लिए उत्सवों पर सार्वजनिक झांकियां नहीं लगाई जाएंगी। धार्मिक स्थलों, उपासना स्थलों पर एक बार में 5 से अधिक व्यक्ति इकट्ठे नहीं होंगे। शादी, सगाई आदि में दोनों पक्षों के 10-10 व्यक्ति से अधिक सम्मिलित नहीं होंगे। जन्मदिन आदि उत्सवों में 10 से अधिक व्यक्ति शामिल नहीं होंगे। ये निर्देश मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोरोना की स्थिति और व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुये दिये।

घर में ही मनाएं त्योहार

मुख्यमंत्री ने कहा है कि कोरोना संक्रमण रोकने के लिए घर पर ही आगामी त्योहार मनाएं। देव प्रतिमा घर पर ही स्थापित कर पूजा-अर्चना करें। सार्वजनिक स्थलों पर प्रतिमा स्थापित करने और त्योहार मनाने की अनुमति नहीं होगी।

जबलपुर जिले की समीक्षा में पाया गया कि पिछले एक हफ्ते में वहां संक्रमण बढ़े हैं। श्री चौहान ने निर्देश दिए कि जिला आपदा प्रबंधन समूह के निर्णय अनुसार जिन कॉलोनी या मोहल्लों में अधिक प्रकरण आ रहे हैं, वहां लॉकडाउन किया जा सकता है। जनरल लॉकडाउन न किया जाए। जनरल लॉकडाउन सप्ताह में एक ही दिन रहे।

संभागायुक्तों से की समीक्षा

श्री चौहान ने प्रदेश के सभी संभागायुक्तों के साथ कोरोना की स्थिति की समीक्षा की। सभी ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि उनके जिलों में क्राइसिस मैनेजमेंट समूह की बैठकों में यह सुझाव आया है कि आगामी त्योहार सार्वजनिक रूप से मनाए जाने से संक्रमण फैलने का खतरा है, अतः त्योहार घर पर ही मनाए जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के ग्वालियर, चंबल क्षेत्र में कोरोना के पॉजिटिव प्रकरण निकटवर्ती अन्य प्रांतों राजस्थान और उत्तरप्रदेश से सम्पर्क के तहत देखने को मिल रहे हैं। किल कोरोना अभियान के कारण घर-घर हुए सर्वे से भी नागरिकों में रोग के लक्षण देखने को मिले हैं। रोगियों के सैम्पल लेकर उपचार और आइसोलेशन में रखने की सभी व्यवस्थाओं से रोगियों को स्वस्थ करने का कार्य सुनिश्चित किया जाए।

वैठक में अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री मोहम्मद सुलेमान ने बताया कि कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग और अन्य व्यवस्थाओं के बेहतर होने से नियंत्रण में सफलता मिली है।

धार्मिक स्थलों पर एक बार में 5 से अधिक व्यक्ति इकट्ठे नहीं होंगे

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुये।

- जिलों में क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप के परामर्श से बाजार खोलने और बंद करने के समय का निर्धारण किया जाए।
- पॉजिटिव रोगियों को स्वस्थ करके घर भेजने पर निरंतर ध्यान दिया जाए।
- किल कोरोना अभियान की गतिविधियों की समीक्षा कर इस अनुभव से लाभ लेकर सर्वे और टेस्टिंग की कार्रवाई जारी रखी जाए।
- जिन जिलों में नए स्टाफ को दायित्व दिया जा रहा है उन्हें भी आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाए।
- मृत्यु दर निरंतर कम हुई है, इस पर गंभीर रहकर, मृत्यु बिल्कुल न हो ऐसे प्रयास हों।

हमारा घर–हमारा विद्यालय

बच्चों को घर पर दें विद्यालय का माहौल - स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री

भोपाल, स्कूल शिक्षा मंत्री श्री इंदर सिंह परमार ने 'हमारा घर-हमारा विद्यालय' कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिये पालकों से सहयोग का आह्वान किया है कि बच्चों को घर पर विद्यालय का माहौल दें। उन्होंने कहा कि कोरोना संकटकाल में विद्यार्थियों की शैक्षिक निरन्तरता बनाए रखना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, इस दिशा में स्कूल शिक्षा विभाग ने रेडियो पर 'रेडियो स्कूल', दूरदर्शन और लोकल चैनल पर 'क्लास रूम' कार्यक्रमों के प्रसारण प्रारंभ करने के साथ ही व्हाट्सएप के माध्यम से डिजीलेप कार्यक्रम का संचालन विद्यार्थी हित में प्रारंभ किया है।

श्री परमार ने कहा कि दक्षता उन्नयन की अभ्यास पुस्तिकाओं और इस वर्ष की पाठ्यपुस्तकों को भी हमारे शिक्षक साथियों ने कठिन परिश्रम कर बच्चों तक पहुंचाया है। इन सभी कार्यक्रमों के तहत किए जा रहे समवेत प्रयासों के क्रम में 'हमारा घर-हमारा विद्यालय' कार्यक्रम एक भावनात्मक पारिवारिक पहल है, जो बच्चों को परिवार के सहयोग से घर पर ही पढ़ाई को सुचारु रखने में सहयोगी बन रही है। योजना के तहत विद्यार्थी अब अपने घर पर ही विद्यालय के वातावरण में पढ़ाई कर रहे हैं।

विभाग द्वारा सुझावात्मक समय-सारिणी भी पालकों और विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही है, जिसके अनुसार सोमवार से शुक्रवार तक विषयानुरूप अध्ययन होगा तथा शनिवार को मस्ती की पाठशाला के तहत मनोरंजनात्मक गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। वहीं शाम को 2 घंटे विद्यार्थी अपने घर के बड़े बुजुर्गों से कहानियां सुनकर उन पर नोट्स तैयार करेंगे और योग तथा खेलकूद की गतिविधियों का आयोजन भी अपने घर पर ही करेंगे।

ट्रांसफार्मर और मीटर का किया जाये बेहतर प्रबंधन

भोपाल, ट्रांसफार्मर और मीटर का बेहतर प्रबंधन करें। सभी वितरण कम्पनियों के स्टोर का निरीक्षण करवायें। ये निर्देश ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने भोपाल स्थित मंत्रालय में विभागीय योजनाओं की समीक्षा में दिये। श्री तोमर ने कहा कि शहरों में शत-प्रतिशत घरों में बिजली मीटर लगाये जायें। इसके साथ ही प्रतिमाह इनकी रीडिंग भी ली जाये। आकलित खपत के बिल नहीं दिये जायें। इससे जहां विद्युत उपभोक्ता संतुष्ट होगा, वहीं कम्पनी की आय भी बढ़ेगी। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि बिजली से संबंधित हानियों को कम करने के लिये 90 दिन का लक्ष्य रखें। इस दौरान हर छोटी-बड़ी कमियों का विश्लेषण कर उन्हें दूर करने का प्रयास करें।

वन स्टॉप सेंटर की महिलाओं एवं बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण अनिवार्य

भोपाल, कोरोना संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए अब वन स्टॉप सेंटर एवं स्वाधार गृह में अस्थायी अथवा स्थायी रूप से प्रवेश प्राप्त करने वाली सभी महिलाओं एवं वालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कराना अनिवार्य होगा। संचालक, महिला वाल विकास श्रीमती स्वाति मीणा नायक ने सभी जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं सभी जिलों में संचालित वन स्टॉप सेंटर के प्रशासकों को दिशा-निर्देश जारी किये हैं। निर्देशानुसार वन स्टॉप सेंटर एवं स्वाधार गृह में अस्थायी अथवा स्थायी रूप से प्रवेश प्राप्त करने वाली सभी महिलाओं एवं वालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया जायेगा। चिकित्सक द्वारा कोरोना संक्रमित न होने की जानकारी देने पर ही वन स्टॉप सेंटर या स्वाधार गृह में महिला एवं वालिका को प्रवेश दिया जायेगा। कोरोना वायरस की संदिग्ध स्थिति में उन्हें जिले में स्थापित क्वारेंटीन सेंटर में प्रोटोकॉल के अनुरूप रखा जायेगा। कोरोना वायरस संक्रमित महिला या वालिका को पूर्ण स्वस्थ होने पर ही वन स्टॉप सेंटर या स्वाधार गृह में प्रवेश दिया जायेगा। यदि जिले में सुरक्षित क्वारेंटीन सेंटर नहीं है, तो प्रशासन के सहयोग से वन स्टॉप सेंटर या गृह के नज़दीक ही क्वारेंटीन सेंटर की व्यवस्था किये जाने के निर्देश हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

खरीफ़-2020
फसलों के बीमा कराने की अंतिम तिथि
31 जुलाई, 2020
इच्छुक किसान अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा करवाएं

"हमारे देश के किसान हितैषी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी सुरक्षित खेती और किसानों की आय दोगुनी करने के लिये लगातार प्रयत्न कर रहे हैं।
किसान भाइयों को अचानक आई आपदा से होने वाले नुकसान से सुरक्षित रखने के लिये प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना चलाई जा रही है। आप सभी फसल बीमा करायें और चिंतामुक्त होकर खेती करें।"
–शिवराज सिंह चौहान

"हमारे देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान किसानों को बिना किसी बाधा के खेती करने और किसानी को लाभ का धंधा बनाने के लिये लगातार प्रयास कर रहे हैं। किसानों की फसल को सुरक्षा प्रदान करने के लिये प्रारंभ की गई प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना भी उसी दिशा में एक कदम है। सभी किसान भाई–बहन फसल बीमा योजना का लाभ उठायें।"
– कमल पटेल, मंत्री, किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग

योजना सभी किसानों के लिए स्वैच्छिक

ऐसे ऋणी किसान जो बीमा नहीं कराना चाहते हैं वह बीमा कराने की अंतिम तिथि से 7 दिन पूर्व, 24 जुलाई, 2020 तक योजना में शामिल नहीं होने के लिये अपने बैंक में आवेदन दे सकते हैं।

सभी ऋणी और अऋणी किसानों के लिए आधार कार्ड अनिवार्य एवं मोबाइल नंबर वांछित

पात्र कृषक
अधिसूचित क्षेत्रों में अधिसूचित फसलें उगाने वाले बटाइदारों और काश्तकारों सहित सभी किसान।

बीमा प्रक्रिया
अल्पकालिक फसल ऋण लेने वाले कृषक : संबंधित बैंक के माध्यम से।
अऋणी कृषक : बैंक, जन सुविधा केंद्र (सी.एस.सी.) एवं कार्यरत बीमा कंपनी के अधिकृत एजेंट के माध्यम से।

अऋणी किसानों के लिए आवश्यक दस्तावेज
फसल बीमा प्रस्ताव फॉर्म, आधार कार्ड, शासन द्वारा मान्य पहचान पत्र, भू–अधिकार पुस्तिका, पटवारी या ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा जारी बुआई प्रमाण पत्र।

देय प्रीमियम
खरीफ़ की सभी अनाज, दलहन और तिलहन फसलों के लिए बीमित राशि का अधिकतम 2 प्रतिशत एवं कपास के लिए अधिकतम 5 प्रतिशत प्रीमियम देय।
शेष प्रीमियम राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।

खरीफ़ बीमित फसलें
जिला स्तर : उड़द एवं मूंग।
तहसील स्तर : ज्वार, कोदो कुटकी, मूंगफली, तिल एवं कपास।
पटवारी हल्का स्तर : सिंचित एवं असिंचित धान, सोयाबीन, मक्का, बाजरा, अरहर।
(शासकीय मुद्रणालय के पोर्टल govtpressmp.nic.in पर प्रकाशित राजपत्र के अनुसार आपके क्षेत्र की अधिसूचित फसलें तय की गई हैं।)

किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग, मध्यप्रदेश शासन
D-11045/R-44132/2020

चर्चा में

डॉक्टर पराग चिटनीस

अमेरिका में एनआईएफए के कार्यवाहक निदेशक बने

भारतीय मूल के अमेरिकी वैज्ञानिक डॉक्टर पराग

चिटनीस को प्रतिष्ठित नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ फूड एंड एग्रीकल्चर (एन आईएफए) का कार्यवाहक निदेशक बनाया गया है। अमेरिका में संघीय वित्त पोषित कृषि अनुसंधान इसी संस्थान की निगरानी में होते हैं। डॉक्टर पराग चिटनीस डॉक्टर स्कॉट एंजेल की जगह लेंगे।

लेफ्टिनेंट मेडलिन स्वीगल

अमेरिकी नौसेना में पहली अश्वेत महिला पायलट बनीं

अमेरिका की नौसेना में अफ्रीकी मूल की लेफ्टिनेंट

मेडलिन स्वीगल टेक्निकल एयरक्राफ्ट (टेकएयर) उड़ाने वाली पहली अश्वेत महिला पायलट बन गई हैं। मेडलिन ने वर्ष 2017 में यूएस नेवल अकादमी से ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल की थी। मेडलिन को 31 जुलाई में विंग्स ऑफ गोल्ड वैज से सम्मानित किया जायेगा।

डोनाल्ड ट्रंप

पहली बार मास्क पहने नजर आये

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पहली बार

सार्वजनिक तौर पर मास्क पहने नजर आये। वे मास्क लगाकर रीड मिलिट्री हॉस्पिटल में भर्ती घायल जवानों को देखने पहुंचे। उन्होंने काला मास्क पहना था और इस पर प्रेसिडेंशियल सील लगी थी। मास्क पहनने के सवाल पर उन्होंने कहा कि इसे सही वक्त और सही जगह पर पहना है। उन्होंने कहा कि वो मास्क पहनने के खिलाफ कभी नहीं थे।

जापानी बेसबॉल लीग

डांसिंग रोबोट्स ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया

जापान में बेसबॉल लीग के दौरान टीम की हौसला

अफजाई के लिये डांसिंग रोबोट नजर आये। निप्पोन प्रोफेशनल बेसबॉल लीग में राकुटेन ईगल्स के खिलाफ मैच के दौरान फकुओका हॉक्स टीम के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिये डांसिंग रोबोट्स स्टेडियम में मौजूद थे। मानव और डॉग्स के समान नजर आने वाले इन रोबोट्स ने टीम के गाने पर डांस किया।

बहादुर सिंह

एथेलेटिक्स के मुख्य कोच पद से दिया इस्तीफा

भारतीय एथेलेटिक्स के मुख्य कोच रहे पद्मश्री बहादुर सिंह ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। वे 25 वर्षों तक एथेलेटिक्स के मुख्य कोच रहे हैं। उन्होंने कोरोना के चलते वरिष्ठ नागरिकों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाने वाले गृह मंत्रालय के परामर्श के मद्देनजर इस्तीफा दिया है। अपने कैरियर में गोला फेंक एथलीट रहे बहादुर सिंह ने बैंकॉक में 1978 में हुये एशियाई खेलों और 1982 में नई दिल्ली में हुये एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीते हैं।

मुंबई में

एशिया के सबसे बड़े डाटा सेंटर का उद्घाटन हुआ

केन्द्रीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री रविशंकर प्रसाद

और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने मुंबई के पनवेल में एशिया के सबसे बड़े और दुनिया के दूसरे सबसे बड़े डेटा सेंटर का उद्घाटन किया। उद्घाटन ऑनलाइन किया गया। यह डाटा सेंटर कंपनी योट्टा इंफ्रास्ट्रक्चर का है, जो हीरानंदानी ग्रुप से जुड़ी है। सेंटर में 7200 रैक होंगे और इसमें 50 मेगावॉट बिजली के साथ 48 घंटे का बैकअप हमेशा बना रहेगा। ये डेटा सेंटर पार्क की पांच बड़ी इमारतों में से एक में होगा।

यूलोफिया ऑबटुसा

भारत में 118 साल बाद दिखा दुर्लभ पुष्प

भारत में 118 सालों के बाद ऑर्किड फूल की दुर्लभ

प्रजाति देखने को मिली है। उत्तरप्रदेश के दुधवा टाइगर रिजर्व में वन अधिकारियों और वन्य जीव एक्सपर्ट्स को निरीक्षण के दौरान वैज्ञानिक नाम यूलोफिया ऑबटुसा नाम वाला पुष्प देखने को मिला। इसे ग्राउंड ऑर्किड के नाम से जाना जाता है। आईयूसीएन की रेड लिस्ट में विलुप्तप्राय लिस्टेड पौधे की इस प्रजाति को आखिरी बार पीलीभीत में 1902 में देखा गया था।

जापान में

दर्शकों को स्टेडियम आने की मिलेगी अनुमति

जापान के पेशेवर बेसबॉल और फुटबॉल लीग के मैचों

में दर्शकों को स्टेडियम आने की अनुमति दी जायेगी। इन दोनों लीग प्रमुखों ने यह घोषणा करने के बाद बताया कि स्टेडियम में अधिकतम 5000 दर्शकों को आने देंगे। स्टेडियम में 50 प्रतिशत दर्शकों (स्टेडियम क्षमतानुसार आधे) को ही अनुमति दी जायेगी। अधिकारियों ने कहा कि वे 1 अगस्त से 50 प्रतिशत दर्शकों को स्टेडियम में लाने की योजना पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर कोई बड़ा बदलाव नहीं होता है, तो उनका यह फैसला लागू रहेगा।

वॉट्सएप

भारत में शुरू किया अपना ब्रांडिंग अभियान

वॉट्सएप ने भारत में अपना ब्रांड अभियान 'इट्स

विटवीन यू' शुरू किया है। इस अभियान के जरिये यह बताया जायेगा कि भारतीय एक दूसरे के संपर्क में रहने के लिये किस तरह सुरक्षित तरीके से फेसबुक के स्वामित्व वाले इस मंच का इस्तेमाल करते हैं। इस अभियान के लिये वॉट्सएप ने बॉलीवुड निर्देशक गौरी शिंदे और विज्ञापन एजेंसी वीबीडीओ इंडिया की सेवाएं ली हैं।

फ्लोरिडा में

डिज्नी ने खोले अपने पार्क

अमेरिका में बढ़ रहे संक्रमण के बीच डिज्नी वर्ल्ड ने

फ्लोरिडा प्रांत के लेक बुएना विस्टा में स्थित अपने दो पार्कों मैजिक किंगडम और एनीमल किंगडम को दर्शकों के लिये खोल दिया। मैजिक किंगडम के स्पलैश माउंटेन पर पर्यटक पहले दिन मस्ती करते दिखे। हालांकि पार्कों में क्षमता से कम पयर्टकों को प्रवेश दिया जा रहा है।

एप 'एलीमेंट्स'

देश के पहले सोशल नेटवर्किंग एप का लोकार्पण

उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने देश के पहले सोशल

नेटवर्किंग एप 'एलीमेंट्स' का लोकार्पण किया। उन्होंने लोकार्पण के दौरान कहा कि प्रौद्योगिकी से संबंधित युवाओं को स्वदेशी एप विकसित करने की चुनौती स्वीकार करनी चाहिए। उपराष्ट्रपति ने कहा कि नया भारत बनाने के लिये प्रतिभाशाली युवाओं की आवश्यकता है, जो नयी खोज, नये प्रयोग और नवाचार कर सकें। उन्होंने कहा कि हमें सिर्फ नकल नहीं करनी है, बल्कि नवोन्मेष करना है।

माथियास कोरमान

ऑस्ट्रेलिया के वित्त मंत्री राजनीति से लेंगे संन्यास

ऑस्ट्रेलिया के वित्त मंत्री माथियास कोरमान ने कहा है

कि वे 2020 के अंत तक राजनीति छोड़ देंगे। ऑस्ट्रेलिया में मौजूदा सत्तारूढ़ गठबंधन के वरिष्ठ नेताओं में से एक कोरमान ने अपने शानदार राजनीतिक जीवन का हवाला देते हुये कहा कि यह शानदार और रोमांचक रहा। कोरमान साल 2007 में पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया से सीनेटर चुने गये थे।

व्यूबॉनिक प्लेग

चीन में मिला मरीज

उत्तरी चीन के एक शहर में महामारी की तरह



फैलने वाले ब्यूबॉनिक प्लेग का मामला सामने आया है। इसको लेकर चीन में थ्री स्तर का अलर्ट जारी कर दिया गया है। इस तरह का मामला सामने आने के बाद स्थानीय स्वास्थ्य विभाग ने कहा है कि इस समय शहर में प्लेग महामारी फैलने का खतरा है। जनता को आत्मरक्षा के लिये जागरुकता और क्षमता बढ़ानी चाहिए तथा आसामान्य स्वास्थ्य स्थितियों के बारे में तत्काल जानकारी देनी चाहिए।

जोया खान

सीएससी में देश की पहली ट्रांसजेंडर ऑपरेटर बनीं

बड़ौदा से ताल्लुक रखने वाली जोया खान कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) में देश की पहली ट्रांसजेंडर ऑपरेटर बन गई हैं। कॉमन सर्विस सेंटर इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एंड कम्युनिकेशन मिनिस्ट्री के तहत आता है। जोया पहले से ही सामाजिक कार्यों से जुड़ी हुई हैं।

हागिया सोफिया म्यूजियम

86 साल बाद फिर मस्जिद में बदला

तुर्की के इस्तांबुल शहर में स्थित हागिया सोफिया म्यूजियम को 86 साल बाद एक बार फिर मस्जिद में बदल दिया गया है। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने कोर्ट के आदेश के बाद इसकी आधिकारिक घोषणा की है। इसे 1934 में म्यूजियम में बदला गया था। यह इमारत यूनेस्को विश्व विरासत स्थल की सूची में शामिल है।

अशोक लवासा

एशियाई विकास बैंक के उपाध्यक्ष नियुक्त

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने चुनाव आयुक्त श्री

अशोक लवासा को निजी क्षेत्र और सार्वजनिक-निजी साझेदारी के क्षेत्र से जुड़े कामकाज के लिये अपना उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। श्री लवासा, एडीबी में श्री दिवाकर गुप्ता का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल 31 अगस्त को समाप्त हो रहा है। श्री अशोक लवासा इससे पहले केंद्रीय वित्त सचिव, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में सचिव और नागर विमानन मंत्रालय के सचिव सहित कई वरिष्ठ पदों पर कार्य कर चुके हैं।

स्मृति शेष

प्रख्यात सिरेमिक आर्टिस्ट ज्योत्सना भट्ट का निधन

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मशहूर सिरेमिक आर्टिस्ट

ज्योत्सना भट्ट का 80 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। मांडवी में जन्मी ज्योत्सना ने वर्कशॉप, प्रदर्शनी और कला शिविरों में अपनी सेवाएं दीं। उन्होंने 60 के दशक के मध्य में ब्रुकलिन म्यूजियम आर्ट स्कूल में जूलियोन हॉफस्टेड से सिरेमिक में एक पाठ्यक्रम की पढ़ाई की थी।

इंग्लैंड की विश्वकप विजेता टीम के सदस्य चार्लटन का निधन

इंग्लैंड की विश्वकप विजेता फुटबॉल टीम के

सदस्य और आयरलैंड के पूर्व कोच जैक चार्लटन का निधन हो गया। वह 85 वर्ष के थे। उन्होंने लीड्स क्लब के लिये 23 साल तक मैच खेले थे। उन्होंने रिकॉर्ड 773 मैचों में क्लब का प्रतिनिधित्व किया था। चार्लटन 1966 विश्वकप में इंग्लैंड टीम का हिस्सा थे।

ऑस्कर विजेता संगीतकार मोरिकोन का निधन

इटली के मशहूर संगीतकार एन्नियो मोरिकोन का

91 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्पताल में भर्ती थे। उन्होंने वन्स अपॉन ए टाइम्स इन अमेरिका के लिये संगीत दिया था। 2016 में उन्हें ऑस्कर प्रदान किया गया था। एन्नियो का जन्म 10 नवंबर 1928 को इटली में हुआ था।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

हर काम बड़ा होता है, बशर्ते आप अपने लिये पैमाना ऊंचा रखें – कैंडिस

नर्सिंग चयन परीक्षा 2020 के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

भौतिकी

1. प्रत्यावर्ती धारा के शिखर मान तथा वर्ग माध्य मूल (rms) मान क्रमशः I_0 तथा I_{rms} हैं। अतः $I_0 : I_{rms}$ का मान होगा :
(A) 1.41 : 1
(B) 1:1.41
(C) 1:1
(D) $\sqrt{3}$:1

उत्तर (A) 1.41 : 1 अर्थात $\sqrt{2}:1$ है।

2. जब दो ड्यूट्रॉन $\left(_1^2H\right)$ का संलयन होता है, तो बनता है :
(A) $_1^1H+_1^3H$ (B) 2_1^1H
(C) 4_1^1H+n (D) $_2^3He+n$

उत्तर (D) $_2^3He+n$

3. अभिक्रिया $_{92}^{235}U+X\rightarrow$ $Y+_{36}^{94}K_2+3_0^1n+\Delta E$ में X तथा Y हैं :
(A) X = तापीय न्यूट्रॉन, $Y=_{56}^{139}Ba$
(B) X = न्यूट्रॉन, $Y=_2^4He$
(C) $X=_1^1H$, $Y=_{56}^{139}Ba$
(D) $X=_1^2H$, $Y=_2^3He$

उत्तर (A) X = तापीय न्यूट्रॉन, $Y=_{56}^{139}Ba$

4. नाभिकीय संलयन अभिक्रिया के लिए आवश्यक ताप T तथा दाब P के मान हैं :
(A) $T = 10^5K$, $P = 10^7Pa$
(B) $T = 10^7K$, $P = 10^7Pa$
(C) $T = 10^3K$, $P = 10^3Pa$
(D) $T = 10^6K$, $P = 10^5Pa$

उत्तर (B) $T = 10^7K$, $P = 10^7Pa$

5. एक नाभिकीय रिएक्टर में विमन्दक का उपयोग कर उत्सर्जित न्यूट्रॉनों की ऊर्जा कर दी जाती है :
(A) 1.25 MeV
(B) 1.0 MeV
(C) 0.025 MeV
(D) 2.5 MeV

उत्तर (C) 0.025 MeV

6. तीन तारों के रंग लाल (R), काले (B) तथा हरे (G) हैं। लाइव तार, अर्थ तार एवं न्यूट्रल तार के रंग क्रमशः होंगे :
(A) R, G, B
(B) R, B, G
(C) B, R, G
(D) G, R, B

उत्तर (A) R, G, B

7. संलग्न चित्र के धारा I का मान होगा :



(A) 0.2 A
(B) 0.4 A
(C) 0.3 A
(D) 0.5 A

उत्तर (D) 0.5 A

व्याख्या - यहाँ तुल्य प्रतिरोध $\frac{R_n}{n}+$

$R_s=\frac{3}{3}+3=4$ है तथा $I=\frac{V}{R}=\frac{2}{4}$ $=0.5A$ है।

8. संलग्न चित्र में A तथा B के बीच तुल्य प्रतिरोध का मान होगा :



(A) 3 ओम
(B) 2 ओम
(C) 6 ओम
(D) 4 ओम

उत्तर (B) 2 ओम

व्याख्या - यहाँ A तथा C के बीच तुल्य प्रतिरोध 3 ओम है। अब A तथा B के बीच तुल्य प्रतिरोध R_p हो, तो

$\frac{1}{R_p}=\frac{1}{6}+\frac{1}{3}$ से

$R_p = 2$ ओम होगा।

9. दो एकसमान प्रतिरोधों को पहले श्रेणीक्रम में तथा बाद में समान्तरक्रम में जोड़ा गया है। दोनों अवस्थाओं में समान विभव समान समय तक लगाने पर उत्पन्न ऊष्मा क्रमशः H_1 तथा H_2 हैं। अतः $H_1 : H_2$ का मान होगा :
(A) 1 : 1
(B) 1 : 2
(C) 4 : 1
(D) 1 : 4

उत्तर (D) 1 : 4

व्याख्या - यहाँ $\frac{H_1}{H_2}=\frac{V_1^2t\times R_2}{R_1\times V_2^2t}=$

$\frac{R_2}{R_1}=\frac{R}{2\times 2R}=\frac{1}{4}$ है।

10. सीबेक गुणांक या तापवैद्युत शक्ति S का मान होता है :
(A) $(\alpha+\beta)\theta$
(B) $\frac{\alpha+\beta}{\theta}$
(C) $\frac{\alpha\beta}{\theta}$
(D) $\alpha+\beta\theta$

उत्तर (D) $\alpha+\beta\theta$

11. S, π तथा θ में सही संबंध है :
(A) $S=\pi\theta$
(B) $S=\pi^2\theta$
(C) $S=\frac{\pi}{\theta}$
(D) $S=\pi+\theta$

उत्तर (C) $S=\frac{\pi}{\theta}$

12. एक PN संधि डायोड की पश्च अभिनति अवस्था में प्रतिरोध R तथा विभव प्राचीर V के मान हो जाते हैं :
(A) R अधिक तथा V कम
(B) R कम तथा V अधिक
(C) R तथा V दोनों कम
(D) R तथा V दोनों अधिक

उत्तर (D) R तथा V दोनों अधिक

13. एक विद्युत मोटर 200 वोल्ट पर कार्य कर रही है। अपनी पूरी चाल पर इसमें प्रवाहित धारा 5 एम्पीयर है। यदि आर्मेचर का प्रतिरोध 10 ओम हो, तो प्रतिकूल वि.वा. बल *I* तथा मोटर की दक्षता η के मान होंगे :
(A) 150V तथा 50%
(B) 100V तथा 60%
(C) 150V तथा 75%
(D) 120V तथा 40%

उत्तर (C) 150V तथा 75%

व्याख्या - यहाँ $I=\frac{E-e}{R}$ से

$5=\frac{200-e}{10}$ होगा। अतः $e = 150V$ है

तथा दक्षता $\eta=\frac{e\times 100}{E}=$

$\frac{150\times 100}{200}=75\%$ है।

14. स्व-प्रेरकत्व का मात्रक है :
(A) वोल्ट
(B) एम्पीयर × सेकण्ड
(C) हेनरी
(D) वेबर

उत्तर (C) हेनरी

15. एक 10 ओम के प्रतिरोध पर एक ज्यावकीय विभव $E = 200\sin 314t$ लगाया गया है। विभव का शिखर मान E_0 तथा आवृत्ति f के मान होंगे :
(A) $E_0 = 100V$, $f = 50$ हर्ट्ज
(B) $E_0 = 200V$, $f = 60$ हर्ट्ज
(C) $E_0 = 100V$, $f = 60$ हर्ट्ज
(D) $E_0 = 200V$, $f = 50$ हर्ट्ज

उत्तर (D) $E_0 = 200V$, $f = 50$ हर्ट्ज

व्याख्या - समीकरण की तुलना $E = E_0 \sin 2\pi f t$ से करते हैं।

16. एक स्व-प्रेरकत्व $L = 0.7$ हेनरी में 50 हर्ट्ज की प्रत्यावर्ती धारा प्रवाहित करने पर इसका प्रेरकीय प्रतिघात होगा :
(A) 110 ओम
(B) 55 ओम
(C) 220 ओम
(D) 50 ओम

उत्तर (C) 220 ओम

व्याख्या - यहाँ $X_L = 2\pi f L =$

$\frac{2\times 22\times 50\times 0.7}{7}=220$ ओम है।

17. एक वृत्ताकार कुण्डली की त्रिज्या 0.5 मीटर है तथा इसमें 10 फेरे हैं। इसमें 10 एम्पीयर की धारा प्रवाहित करने पर इसके केन्द्र पर चुम्बकीय क्षेत्र होगा :
(A) 4×10^{-5} वेबर/मी^{2}
(B) 8×10^{-7} वेबर/मी^{2}
(C) $4\pi\times 10^{-7}$ वेबर/मी^{2}
(D) 4×10^{-7} वेबर/मी^{2}

उत्तर (A) 4×10^{-5} वेबर/मी^{2}

व्याख्या - यहाँ $B=\frac{\mu_0\times 2nI}{4\pi\times a}=$

$\frac{10^{-7}\times 2\times 10\times 10}{0.5}=4\times 10^{-5}$ है।

18. एक PN संधि डायोड के सिरों पर विभव V लगाने पर इसमें प्रवाहित धारा I है। विभव I तथा V के बीच ग्राफ़ होगा :

(A)



(B)



(C)

(D)



उत्तर (D)



19. एक इलेक्ट्रॉन को 300V विभव तक त्वरित करने पर इसकी डी-ब्रोगली तरंगदैर्ध्य होगी :
(A) 1.41 Å
(B) 1.6 Å
(C) 9.0 Å
(D) 0.7 Å

उत्तर (D) 0.7 Å

व्याख्या - यहाँ $\lambda=\sqrt{\frac{150}{V}}=\sqrt{\frac{150}{300}}=$

$\frac{1}{\sqrt{2}}=0.7$ Å है।

20. एक ट्रांसफार्मर में परिणमन गुणांक r के लिए कौन सा सूत्र गलत है :
(A) $N_s = rN_p$
(B) $V_s = rV_p$
(C) $I_p = rI_s$
(D) $I_s = rI_p$

उत्तर (D) $I_s = rI_p$

व्याख्या - यह सूत्र गलत है।

21. एक उच्चायी ट्रांसफार्मर में फेरों की संख्या का अनुपात 1:10 है। द्वितीयक कुण्डली में 200 ओम का प्रतिरोध जोड़ने पर इसमें प्रवाहित धारा का मान 0.5 एम्पीयर है। प्राथमिक कुण्डली में प्रवाहित धार I_p तथा वोल्टेज V_p के मान होंगे :
(A) 10 A, 0.5 V
(B) 1.0 A, 100 V
(C) 5 A, 10 V
(D) 1.5 A, 10 V

उत्तर (C) 5 A, 10 V

व्याख्या - यहाँ $N_pI_p = N_sI_s$ से

$\frac{1}{10}=\frac{0.5}{I_p}$ है।

अब $\frac{N_s}{N_p}=\frac{V_s}{V_p}$ से

$\frac{10}{1}=\frac{I_sR_s}{V_p}$ होगा।

अतः $V_p=\frac{0.5\times 200}{10}=10$ वोल्ट है।

22. एक विद्युत परिपथ में संयोजित फोटोसेल प्रकाश स्रोत से दूरी d पर स्थित है। इससे परिपथ में धारा I प्रवाहित हो रही है। यदि दूरी $\frac{d}{3}$ कर दी जाये, तो प्रवाहित धारा होगी :
(A) I
(B) 6I
(C) 9I
(D) $\frac{I}{3}$

उत्तर (C) 9I

व्याख्या - धारा $I\propto\frac{1}{d^2}$ है।

23. 2R प्रतिरोध वाले एकसमान तार को वृत्त के रूप में मोड़ा गया है। इस वृत्त के किसी भी व्यास के सिरों के बीच प्रतिरोध होगा :
(A) $\frac{2}{R}$
(B) $\frac{R}{2}$
(C) R
(D) $\frac{R}{4}$

उत्तर (B) $\frac{R}{2}$

व्याख्या - प्रत्येक अर्धवृत्त का प्रतिरोध R होगा। अतः $R_p=\frac{R}{n}=\frac{R}{2}$ है।

24. एक प्रत्यावर्ती LR श्रेणी परिपथ में शक्ति गुणांक होता है :
(A) $\sqrt{R^2+\omega^2+L^2}$
(B) $\frac{LR}{2}$
(C) $R^2+\omega^2L^2$
(D) $\frac{R}{\sqrt{R^2+\omega^2L^2}}$

उत्तर (D) $\frac{R}{\sqrt{R^2+\omega^2L^2}}$

व्याख्या - यहाँ $\cos\phi=\frac{R}{Z}$ तथा

$Z=\sqrt{R^2+\omega^2L^2}$ है।

25. एक संधारित्र की धारिता 5μF है। यदि प्रत्यावर्ती धारा की आवृत्ति f के लिये संधारित्र की प्रतिघात $\frac{1}{1000}$ ओम हो, तो f का मान होगा :
(A) $\frac{100}{\pi}$ मेगा हर्ट्ज
(B) $\frac{1000}{\pi}$ हर्ट्ज
(C) 100 हर्ट्ज
(D) 100π हर्ट्ज

उत्तर (A) $\frac{100}{\pi}$ मेगा हर्ट्ज

व्याख्या - यहाँ $X_c=\frac{1}{2\pi fc}$ से

$f=\frac{1000}{2\pi\times 5\times 10^{-6}}$ है।

26. एक इलेक्ट्रॉन के विशिष्ट आवेश का मान होता है :
(A) e (B) $\frac{m}{e}$
(C) em (D) $\frac{e}{m}$

उत्तर (D) $\frac{e}{m}$

27. गतिज अवस्था में फोटॉन का द्रव्यमान होता है :
(A) $h\upsilon$ (B) $\frac{h\upsilon}{c^2}$
(C) $\frac{hc}{\lambda}$ (D) $h\upsilon c$

उत्तर (B) $\frac{h\upsilon}{c^2}$

व्याख्या - यहाँ $E=mc^2=h\upsilon$ है।

- डॉ. एस.एस. पालीवाल
(लेखक, भौतिकी के अवकाश प्राप्त प्राध्यापक हैं)

यूजीसी नेट/जेआरएफ परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर

हिन्दी

1. 'फागुन के दिन चार' उपन्यास के लेखक हैं?
A) ऋषभ चरण जैन
B) बेचन शर्मा 'उग्र'
C) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'
D) चतुर सेन शास्त्री।

2. देवकीनंदन खत्री के उपन्यासों के बारे में कौन-सा कथन सत्य है?
A) ये उच्च कोटि के साहित्यिक उपन्यासकार हैं।
B) ये यथार्थ पर आधारित हैं।
C) इनमें रोचकता है तथा ये पाठकों को बांधने में समर्थ हैं।
D) ये जासूसी उपन्यास हैं।

3. साहित्य की दृष्टि से हिन्दी का पहला उपन्यासकार आचार्य शुक्ल ने किसे माना है?
A) देवकीनन्दन खत्री
B) श्री निवास दास
C) किशोरी लाल गोस्वामी
D) बालकृष्ण भट्ट।

4. 'अनाम स्वामी' उपन्यास किसकी रचना है?
A) जैनेन्द्र कुमार
B) चतुर सेन शास्त्री
C) हजारी प्रसाद द्विवेदी
D) भगवती चरण शर्मा।

5. 'श्यामास्वप्न' उपन्यास के लेखक हैं?
A) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
B) बाबू ब्रजनन्दन सहाय
C) बालकृष्ण भट्ट
D) ठाकुर जगमोहन सिंह।

6. 'परीक्षा गुरु' उपन्यास के लेखक हैं?
A) श्रद्धाराम फुल्लौरी
B) लाला श्री निवास दास
C) बालकृष्ण भट्ट
D) अयोध्या सिंह उपाध्याय।

7. जैनेन्द्र का अंतिम उपन्यास है?
A) विवर्त B) दशार्क
C) व्यतीत D) मुक्तिबोध।

8. 'परीक्षा गुरु' उपन्यास का प्रकाशन वर्ष है?
A) 1882 ई.
B) 1884 ई.
C) 1883 ई.
D) 1885 ई.।

9. नूतन ब्रम्हचारी नामक उपन्यास के लेखक हैं?
A) लाला श्रीनिवास
B) श्रद्धाराम फुल्लौरी
C) बालकृष्ण भट्ट
D) अध्योध्या सिंह उपाध्याय।

10. 'मुझे चांद चाहिए' किस विधा की रचना है?
A) निबंध
B) नाटक
C) उपन्यास
D) कविता।

11. ऐतिहासिक उपन्यासकार के रूप में विख्यात हैं?
A) जैनेन्द्र कुमार
B) वृन्दावन लाल वर्मा
C) रांगेय राघव
D) अज्ञेय।

12. जयशंकर प्रसाद के अपूर्ण उपन्यास का नाम है?
A) इन्द्र
B) इरावती
C) आर्यवीर
D) वैश्वत।

13. प्रेमचन्द के अधूरे उपन्यास का नाम है?
A) गबन
B) गोदान
C) मंगलसूत्र
D) सेवासदन।

14. 'अतृप्त प्रेम' और 'नारी मुक्ति' के स्वर आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी के जिस उपन्यास में मुख्य हैं, वह है?
A) चारू चन्द्रलेख
B) पुनर्नवा
C) अनामदास का पोथा
D) बाणभट्ट की आत्मकथा।

15. 'गुलकी बन्नो' कहानी के लेखक हैं?
A) त्रिलोचन
B) अमरकांत
C) शमशेर बहादुर सिंह
D) धर्मवीर भारती।

16. 'काठ का सपना' के लेखक हैं?
A) हरिशंकर परसाई
B) अमरकांत
C) कमलेश्वर
D) मुक्तिबोध।

17. प्रेमचन्द की कौन-सी पुस्तक प्रतिबंधित हुई?
A) सोजे वतन
B) गबन
C) कर्बला
D) कर्मभूमि।

18. विभाजन पर आधारित कहानी है?
A) तलाश
B) तीसरी कसम
C) माया दर्पण
D) शरणागत।

19. 'हार की जीत' कहानी के लेखक हैं?
A) विशम्भर शर्मा कौशिक
B) भगवती प्रसाद वाजपेयी
C) सुदर्शन
D) पाण्डेय बेचन शर्मा 'उग्र'।

20. इनमें से कौन-सी हिन्दी की पहली कहानी मानी जाती है?
A) इन्दुमती
B) ग्यारह वर्ष का समय
C) दुलाई वाली
D) इनमें से कोई नहीं।

21. 'नई कहानी' को प्रतिष्ठा दिलाने में किसकी सम्पादकीय भूमिका अधिक उल्लेखनीय है?
A) श्रीपतराय
B) भैरव प्रसाद गुप्त
C) कमलेश्वर
D) मोहन राकेश।

22. 'नई कहानी' की विशेष उपलब्धि किस क्षेत्र में रही?
A) बदलते सामाजिक पारिवारिक रिश्तों के चित्रण में
B) महानगरीय संन्यास के चित्रण में
C) व्यक्ति के अकेलेपन के चित्रण में
D) राजनीतिक मोहभंग के चित्रण में।

23. हिन्दी की पहली कहानी लेखिका हैं?
A) चन्द्र किरण सौन रेक्सा
B) बंग महिला
C) होमवती देवी
D) चन्द्रमुखी ओझा।

24. जयशंकर प्रसाद की 'गुण्डा' कहानी में भारत के इतिहास के किस युग का चित्रण है?
A) सल्तनत युग का
B) मुगल शासन का
C) ईस्ट इंडिया का
D) विक्टोरिया शासन का।

25. 'सज्जाद संबुल' किस विधा की रचना है?
A) डायरी
B) खण्डकाव्य
C) नाटक
D) नाटक काव्य।

26. 'आठवां सर्ग' नाटक किसने लिखा है?
A) विष्णु प्रभाकर
B) सुरेन्द्र वर्मा
C) हबीब तनवीर
D) मोहन राकेश।

27. 'तुगलग' नाटक की मूल भाषा क्या है?
A) बांग्ला
B) कन्नड़
C) उड़िया
D) तेलगू।

28. 'उत्तर प्रियदर्शी' किस विधा की रचना है?
A) उपन्यास
B) निबंध
C) कहानी
D) नाटक।

29. 'बकरी' नाटक की रचना किसने की है?
A) रामकुमार वर्मा
B) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना
C) लक्ष्मीनारायण मिश्र
D) लक्ष्मी नारायण लाल।

30. इनमें से कौन-सा नाटक मोहन राकेश का नहीं है?
A) आधे अधूरे
B) आठवां सर्ग
C) आषाढ़ का एक दिन
D) लहरों के राजहंस।

31. 'आधे अधूरे' की नायिका का नाम है?
A) सावित्री
B) सुन्दरी
C) मालविकी
D) मल्लिका।

32. 'नाटक जारी है' कविता संग्रह के रचयिता कौन हैं?
A) नरेश मेहता
B) धूमिल
C) लीलाधर जंगूथी
D) मुक्तिबोध।

33. हिन्दी रंगमंच का जनक किसे कहा जाता है?
A) मिलिन्द
B) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
C) बाबू गोपालचन्द्र
D) उदय शंकर।

34. निम्नलिखित में कौन-सा नाटक पद्य बद्ध है?
A) अन्तहीन
B) गोरख विजय
C) हनुमन्नाटक
D) सागर विजय।

35. भारतेन्दु का कौन-सा नाटक एक अनुदित रचना है?
A) चन्द्रवली
B) वैदिकी हिंसा-हिंसा न भवति
C) विद्या सुन्दर
D) अंधेर नगरी।

36. 'चन्द्रगुप्त' नाटक की कौन-सी नारी चन्द्रगुप्त के प्रति प्रणय-भाव नहीं रखती है?
A) कार्नेलिया
B) कल्याणी
C) सुवासिनी
D) मालविका।

37. 'आधे-अधूरे' की नायिका के दुःख का मूल कारण क्या है?
A) स्वयं की मानसिकता
B) अपने अनुरूप पति का न मिलना
C) पति और बच्चों से अपेक्षित सहयोग न मिलना
D) इनमें से कोई नहीं।

38. 'अनामिका' नामक नाट्य संस्था से जुड़ा हुआ निर्देशक कौन है?
A) ओम शिवपुरी
B) सत्यदेव दुबे
C) मोहन महर्षि
D) श्याम नन्दन जालान।

39. इनमें से कौन-सा नाटक भारतेन्दु का नहीं है?
A) भारत दुर्दशा
B) नीलदेवी
C) प्रेमजोगनी
D) रणधीर प्रेममोहिनी

40. 'अलका' जयशंकर प्रसाद के किस नाटक की पात्र है?
A) ध्रुव स्वामिनी
B) विशाखा
C) स्कंदगुप्त
D) चन्द्रगुप्त।

41. 'युयुत्सु' नामक पात्र किस काव्य में मिलता है?
A) अन्धा युग
B) कनुप्रिया
C) ठण्डा लोहा
D) सातगीत वर्ष।

42. 'कोणार्क' नाटक के लेखक हैं?
A) उदयशंकर भट्ट
B) जगदीश चन्द्र माथुर
C) लक्ष्मी नारायण लाल
D) हरिकृष्ण प्रेमी।

43. निम्नलिखित में से कौन-सा लेखक भारतेन्दु मण्डल का नहीं है?
A) प्रताप नारायण मिश्र
B) बालकृष्ण भट्ट
C) प्रेमघन
D) श्रीधर पाठक।

44. निम्नलिखित पत्रिकाओं का सही अनुक्रम है?
A) हंस, आलोचना, रविवार, सरस्वती
B) आलोचना, सरस्वती, रविवार, हंस
C) रविवार, हंस, सरस्वती, आलोचना
D) सरस्वती, हंस, आलोचना, रविवार।

45. निबंध कृति 'आलोक पर्व' के रचनाकार हैं?
A) विद्यानिवास मिश्र
B) हजारी प्रसाद द्विवेदी
C) प्रभाकर माचवे
D) कुबेरनाथ राय।

46. 'ये कोठे वालियां' के लेखक हैं?
A) पाण्डेय बेचन शर्मा 'उग्र'
B) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'
C) अमृतलाल नागर
D) चतुरसेन शास्त्री।

47. 'अशोक के फूल' निबंध के रचयिता हैं?
A) हजारी प्रसाद द्विवेदी
B) गिरिजा कुमार माथुर
C) रामचन्द्र शुक्ल
D) कुबेरनाथ राय।

48. 'अरे यायावर रहेगा याद' के लेखक हैं?
A) राहुल सांकृत्यायन
B) मोहन राकेश
C) निर्मल वर्मा
D) अज्ञेय।

49. 'आवारा मसीहा' किस विधा की रचना है?
A) उपन्यास
B) कहानी
C) जीवनी
D) आत्मचरित ।

50. अर्द्ध कथानक किस विधा की रचना है?
A) उपन्यास
B) जीवनी
C) नाटक
D) आत्मकथा।

उत्तरमाला

1. B,	2. C,	3. B,	4. A,
5. D,	6. B,	7. B,	8. A,
9. C,	10. C,	11. B,	12. B,
13. C,	14. D,	15. D,	16. B,
17. A,	18. D,	19. C,	20. A,
21. B,	22. A,	23. B,	24. C,
25. C,	26. B,	27. B,	28. D,
29. B,	30. B,	31. A,	32. C,
33. B,	34. C,	35. C,	36. C,
37. A,	38. D,	39. D,	40. D,
41. A,	42. B,	43. D,	44. D,
45. B,	46. C,	47. A,	48. D,
49. C,	50. D		

- डॉ. राम मनोहर उपाध्याय
(लेखक, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय भोपाल के जनसंचार विभाग में अतिथि शिक्षक हैं)

आवंटित नर्मदा जल का पूरा उपयोग करने के लिए बनाया जाये रोडमैप

भोपाल, एन.डब्ल्यू.डी.टी. अवॉर्ड के अनुसार मध्यप्रदेश को आवंटित पूरे नर्मदा जल का 2024 तक पूर्ण उपयोग करने के लिए रोडमैप बनाकर कार्रवाई करें। अवॉर्ड अनुसार मध्यप्रदेश को नर्मदा नदी का 18.25 एम.ए.एफ. पानी आंवटित किया गया है, जिसका वर्ष 2024 तक इस्तेमाल किया जाना है। नर्मदा नदी पर बनाई गई सभी परियोजनाओं को समय-सीमा में पूर्ण कराया जाए। कार्यों की गुणवत्ता का भी पूरा ध्यान रखा जाए। ये निर्देश मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में नर्मदा कंट्रोल बोर्ड एवं नर्मदा बेसिन प्रोजेक्ट्स कंपनी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिये।

नर्मदा जल उपयोग के लिए तीन योजनाएं

अपर मुख्य सचिव श्री आई.सी.पी. केशरी ने बताया कि एन.डब्ल्यू.डी.टी. अवॉर्ड के अंतर्गत मध्यप्रदेश को आवंटित 18.25 एम.ए.एफ. नर्मदा जल में से 13.14 एम.ए.एफ. नर्मदा जल के उपयोग के लिए तीन योजनाएं अपर नर्मदा परियोजना, नर्मदा क्षिप्रा बहुउद्देशीय परियोजना एवं बदनावर माइक्रो सिंचाई परियोजना बनाई गई है तथा उनके क्रियान्वयन के लिए नाबार्ड से 4 हजार करोड़ रुपये का ऋण शीघ्र प्राप्त करने की कार्रवाई की जा रही है। बैठक में तदनुसार आवश्यक स्वीकृति प्रदान की गई।

सिंचाई परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

श्री चौहान ने नर्मदा नदी पर आधारित विभिन्न निर्माणाधीन सिंचाई परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सांवेर उद्वहन सिंचाई परियोजना, उज्जैनी-देवास पाइप लाइन, अलीराजपुर उद्वहन सिंचाई परियोजना, ग्रुप माइक्रो इरीगेशन स्कीम, मालवा-गंभीर परियोजना, बरगी व्यपवर्तन परियोजना आदि की प्रगति की समीक्षा के दौरान आवश्यकता अनुसार समय वृद्धि किए जाने, कार्य समय-सीमा में पूर्ण किए जाने तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखे जाने के निर्देश दिए।

इंदिरा सागर नहर कार्य के बारे में बताया गया कि यह वर्ष 2008 की योजना है तथा इसे 6 बार समयवृद्धि दी गई है। मुख्यमंत्री ने कार्य का भौतिक सत्यापन कर यह देखने के निर्देश दिए कि आगे कार्य कराना उपयोगी है कि नहीं। तदनुसार कार्रवाई की जाए।

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

आंकिक क्षमता

1. श्वेता के पास सुरभि से डेढ़ गुना पैसा है तथा सुरभि के पास स्वाति से डेढ़ गुना पैसा है, कुल मिलाकर उनके पास रु. 3,80,000 हैं तो सुरभि के पास कितने रुपए हैं?
(A) रु. 1,20,000
(B) रु. 1,25,000
(C) रु. 1,30,000
(D) इनमें से कोई नहीं

उत्तर (A) रु. 1,20,000

हल माना कि स्वाति के पास रु = x हैं।
तब सुरभि तथा श्वेता के पास क्रमशः $1.5x$ एवं $2.25x$ होंगे।
प्रश्नानुसार
$x + 1.5x + 2.25x = 3,80,000$
$= 4.75x = 380000$

$$x = \frac{380000}{4.75}$$

$x = 80,000$
∴ सुरभि के पास अधिकतम रु.
$= 1.5 \times 80,000$
= रु. 1,20,000 होंगे।

2. यदि 15 पुरुष मिलकर एक एकड़ जमीन दो दिन में वो सकते हैं तो तीन एकड़ जमीन को एक दिन में बोने के लिए कितने पुरुषों की आवश्यकता होगी?
(A) 90
(B) 100
(C) 110
(D) 120

उत्तर (A) 90

हल एक एकड़ को दो दिन में बोने के लिए
आवश्यक पुरुषों की संख्या = 15
एक एकड़ को एक दिन में बोने के लिए आवश्यक पुरुषों की संख्या
$= 15 \times 2 = 30$ पुरुष
अतः तीन एकड़ को एक दिन में बोने के लिए आवश्यक पुरुषों की संख्या
$= 30 \times 3 = 90$

3. एक व्यापारी ने 10 kg आम 810 रु. में खरीदे। उनमें से 1 kg सड़े हुए आम पाए गए। यदि वह कुल 10% का लाभ चाहता है तो शेष आमों को किस दर से बेचे?
(A) 99 रु./किलोग्राम
(B) 100 रु./किलोग्राम
(C) 101 रु./किलोग्राम
(D) 101.50 रु./किलोग्राम

उत्तर (A) 99 रु./किलोग्राम

हल 10 कि.ग्रा. आमों का
क्रय मूल्य = 810 रु.

$$\text{लाभ} = \frac{810 \times 10}{100} = 81 \text{ रु.}$$

∴ 1 कि.ग्रा. आम खराब हो गये
∵ 9 कि.ग्रा. आमों का विक्रय मूल्य
$= 810 + 81 = 891$ रु.
∴ 1 कि.ग्रा. आमों का

$$\text{विक्रय मूल्य} = \frac{891}{9} = 99 \text{ रु.}$$

4. तीन व्यक्तियों का औसत वजन 105 किग्रा है। इन तीनों व्यक्तियों के वजन का अनुपात 1:2:4 हो तो सबसे भारी व्यक्ति का वजन (कि.ग्रा. में) क्या है?
(A) 180 किग्रा
(B) 179 किग्रा
(C) 176 किग्रा
(D) 175 किग्रा

उत्तर (A) 180 किग्रा

हल तीन व्यक्तियों का कुल वजन
$= 105 \times 3 = 315$ कि.ग्रा.
सबसे भारी व्यक्ति का वजन

$$= \frac{315 \times 4}{7} = 180 \text{ कि.ग्रा.}$$

5. 5 संख्याओं का औसत 9 है यदि एक संख्या घटा देने पर औसत 8 हो जाता है तो घटाई गई संख्या क्या है?
(A) 13
(B) 12
(C) 11
(D) इनमें से कोई नहीं

उत्तर (A) 13

हल पाँच संख्याओं का योग
$= 9 \times 5 = 45$
चार संख्याओं का योग
$= 8 \times 4 = 32$
छोड़ी गई संख्या
$= 45 - 32 = 13$

6. 20 टेबल तथा 30 कुर्सियों का क्रय मूल्य 40000 रु. है। यदि एक टेबल का औसत मूल्य 800 रु. है तो कुर्सियों का औसत मूल्य होगा?
(A) 800 रु.
(B) 850 रु.
(C) 950 रु.
(D) 1000 रु.

उत्तर (A) 800 रु.

हल 20 टेबल का कुल क्रय मूल्य
$= 20 \times 800 = 16,000$ रु.
अतः 30 कुर्सियों का
कुल क्रय मूल्य
= 40000 - 16000
= 24000 रु.
अतः कुर्सियों का
औसत क्रय मूल्य

$$= \frac{24000}{30}$$

= 800 रु.

7. यदि $5 \times 7 = 18$, $5 \times 8 = 21$, $6 \times 4 = 12$, तब $7 \times 5 = ?$
(A) 20
(B) 19
(C) 18
(D) इनमें से कोई नहीं

उत्तर (A) 20

हल ∵ $(5-2) \times (7-1) = 18$
$(5-2) \times (8-1) = 21$
$(6-2) \times (4-1) = 12$
अतः $(7-2) \times (5-1) = 20$

8. रंजन का वेतन रु. 50,000 से 10% अधिक हो गया, एक माह बाद वेतन 10% घट गया इसके बाद रु. में उसका वेतन होगा?
(A) 49500 रु.
(B) 49000 रु.
(C) 48909 रु.
(D) 48901 रु.

उत्तर (A) 49500 रु.

हल 50,000+10% = 55,000 रु.
एक माह बाद वेतन
55000-10%
= 55000-5500 = 49500

9. कीर्ति ने एक साड़ी 1,300 रु. में बेची और उसे 30% लाभ हुआ तो साड़ी का क्रय मूल्य क्या होगा?
(A) 1000 रु.
(B) 1050 रु.
(C) 1075 रु.
(D) 1100 रु.

उत्तर (A) 1000 रु.

हल विक्रय मूल्य 1300 रु. लाभ%
= 30%
अतः क्रय मूल्य =

$$\frac{100}{100 + \text{लाभ}\%} \times \text{विक्रय मूल्य}$$

$$\frac{100 \times 1300}{130} = 1000$$

10. भव्य अपनी मासिक छात्रवृत्ति का 25% पुस्तकों तथा स्टेशनरी पर व्यय करता है। बची हुई राशि का 75% वह छात्रावास के शुल्क पर खर्च करता है। यदि उसके पास महीने के अंत में रु. 180 बचते हैं तो भव्य की मासिक छात्रवृत्ति क्या है?
(A) 960 रु.
(B) 980 रु.
(C) 1000 रु.
(D) 1075 रु.

उत्तर (A) 960 रु.

हल माना कि भव्य की
मासिक छात्रवृत्ति = रु. 100 है
उसकी पुस्तकों तथा
स्टेशनरी का मासिक खर्च = 25 रु.
बचा हुआ धन
= 100 - 25
= 75 रु.
उसके छत्रावास के शुल्क का खर्च

$$= 75 \times \frac{75}{100} = 56.25 \text{ रु.}$$

शेष राशि
= 75-56.25
= 18.75
अतः भव्य की मासिक छात्रवृत्ति

$$= \frac{100 \times 180}{18.75} = 960 \text{ रु.}$$

11. एक फुटकर व्यापारी 20 पेन को 80 रु. में खरीदता है तथा 15 पेन को 80 रु. में बेचता है तो उसके लाभ का क्या प्रतिशत है?
(A) 25%
(B) 30%
(C) 31%
(D) इनमें से कोई नहीं

उत्तर (D) इनमें से कोई नहीं

हल 20 पेन का क्रय मूल्य = 80 रु.
अतः एक पेन का क्रय मूल्य

$$= \frac{80}{20} = 4 \text{ रु.}$$

अतः 15 पेन का क्रय मूल्य
$= 15 \times 4 = 60$ रु.
एवं 15 पेन का विक्रय मूल्य
= 80 रु.
लाभ = 80 - 60 = 20 रु.
लाभ का %

$$= \frac{20 \times 100}{60} = 33\frac{1}{3}\%$$

12. एक लेखक पुस्तक के छपे हुए मूल्य का 11% रायल्टी पाता है। यदि एक पुस्तक का छपा हुआ मूल्य 220 रु. है तथा 500 प्रतियाँ उसकी बिक गई हैं तो कितनी रायल्टी मिलेगी?
(A) 11000 रु.
(B) 11980 रु.
(C) 12000 रु.
(D) 12100 रु.

उत्तर (D) 12100 रु.

हल 220 रु. की दर से
500 प्रतियों का मूल्य
$= 500 \times 220$
= 1,10,000 रु.
1,10,000 पर 11%
की दर से प्राप्त रायल्टी राशि

$$= \frac{1,10,000 \times 11}{100} = 12100 \text{ रु.}$$

13. मिस्टर गुंजन एक सुव्यवस्थित निवेश योजना में रु. 10,000 प्रतिवर्ष तीन वर्ष के लिए निवेश करते हैं साधारण ब्याज दर 11% है तीन वर्ष बाद मि. गुंजन को कितना ब्याज मिलेगा?
(A) 6000 रु.
(B) 6250 रु.
(C) 6500 रु.
(D) 6600 रु.

उत्तर (D) 6600 रु.

हल पहले वर्ष के लिए ब्याज

$$= \frac{10000 \times 11}{100} = 1100 \text{ रु.}$$

दूसरे वर्ष के लिए ब्याज

$$= \frac{20000 \times 11}{100} = 2200 \text{ रु.}$$

तीसरे वर्ष के लिये ब्याज

$$= \frac{30000 \times 11}{100} = 3300 \text{ रु.}$$

तीन वर्ष बाद कुल ब्याज
= 1100 + 2200 + 3300
= 6600 रु.

14. प्रियंक तथा शुभम की आयु का अनुपात 4:3 है। उनकी आयु का योग 28 वर्ष है। 8 वर्ष बाद उनकी आयु का अनुपात होगा?
(A) 3:4
(B) 4:5
(C) 5:6
(D) 6:5

उत्तर (D) 6:5

हल माना कि प्रियंक तथा शुभम की आयु $4x$ एवं $3x$ है। इनकी आयु का योग 28 वर्ष है।
अतः $4x + 3x = 28$
$7x = 28$

$$x = \frac{28}{7} = 4$$

8 वर्ष बाद उनकी आयु का अनुपात होगा

$$\frac{4x+8}{3x+8} = \frac{(4\times4)+8}{(3\times4)+8} \text{ or } \frac{24}{20}$$

अर्थात् 6:5

15. अशोक 480 कि.मी. यात्रा करता है वह अपनी कुल यात्रा का $\frac{2}{3}$ हिस्सा ट्रेन से, $\frac{1}{5}$ हिस्सा बस से तथा बाकी बची दूरी टैक्सी से तय करता है। टैक्सी द्वारा की गई यात्रा कितने कि.मी. है?
(A) 60 कि.मी.
(B) 62 कि.मी.
(C) 65 कि.मी.
(D) इनमें से कोई नहीं

उत्तर (D) इनमें से कोई नहीं

हल माना कि टैक्सी द्वारा तय की गई दूरी = x कि.मी. है
प्रश्न के अनुसार

$$\frac{2}{3} \times 480 + \frac{1}{5} \times 480 + x = 480$$

$320 + 96 + x = 480$
$416 + x = 480$
$x = 480 - 416$
$x = 64$ कि.मी.

16. किसी वस्तु का मूल्य 20% बढ़ जाता है तो उस वस्तु के क्रय में कितने % की कमी की जाना चाहिए ताकि व्यय में कोई परिवर्तन न हो?
(A) 14% (B) 15%
(C) 16% (D) $16\frac{2}{3}\%$

उत्तर (D) $16\frac{2}{3}\%$

हल माना कि वस्तु पहले 100 रु. मिलती थी वह अब 100 + 20 = 120 रु. में मिलेगी (खर्च पहले जितना ही रखने के लिए 120 रु. में से 20 रु. कम करना पड़ेंगे)
∵ 120 रु. के व्यय पर कमी करना है 20 रु.
∵ 100 रु. के व्यय पर कमी करना

$$\text{है} = \frac{20 \times 100}{120} = 16\frac{2}{3}\%$$

अर्थात् वस्तु के उपयोग में $16\frac{2}{3}\%$ की कमी करनी पड़ेगी।

17. एक फर्म में 8 श्रमिक तथा एक सुपरवाइजर का औसत मासिक वेतन 19,500 रु. है। सुपरवाइजर जिसका मासिक वेतन 30,000 रु. था जब वह सेवानिवृत्त हुआ, तो नये सुपरवाइजर की नियुक्ती की गई। नये सुपरवाइजर की नियुक्ति के बाद फर्म के कर्मचारियों का औसत वेतन 1000 रु. घट जाता है तो नये सुपरवाइजर का वेतन होगा?
(A) 25000 रु.
(B) 23000 रु.
(C) 22000 रु.
(D) 21000 रु.

उत्तर (D) 21000 रु.

हल 8 श्रमिक + 1 सुपरवाइजर
का कुल वेतन
(19500×9) = 1,75,500
(-) सेवानिवृत्त
सुपरवाइजर
का वेतन 30,000
शेष 8 श्रमिकों
का कुल वेतन = 1,45,500
नये सुपरवाइजर सहित कुल कर्मचारियों का नया औसत
= 19500 - 1000 = 18500 रु.
नये सुपरवाइजर सहित कुल कर्मचारियों का कुल वेतन
$= 18500 \times 9$
= 166500 रु.
अतः नये सुपरवाइजर का वेतन
= 166500 - 145500
= 21000 रु.

18. लावण्य एक कार अनुपम को 10% लाभ पर बेचता है। अनुपम उसे सीताराम को 15% हानि पर बेचता है तथा सीताराम उसे निकुंज को 20% लाभ पर 3,36,600 रु. में बेचता है। लावण्य के लिए कार की लागत क्या थी?
(A) 3,20,000 रु.
(B) 3,25,000 रु.
(C) 3,30,000 रु.
(D) इनमें से कोई नहीं

उत्तर (D) इनमें से कोई नहीं

हल माना कि लावण्य
का क्रय मूल्य = 100 रु.
(+) 10% लाभ = 10
अनुपम का
क्रय मूल्य 110
(-) 15 हानि
$\left(\frac{110 \times 15}{100}\right)$ 16.50
सीताराम का
क्रय मूल्य 93.50
(+) 20% लाभ
$\left(\frac{93.50 \times 20}{100}\right)$ 18.70
निकुंज का
क्रय मूल्य 112.20
∵ निकुंज का क्रय मल्य
112.20 रु. हो तो
लावण्य का क्रय मूल्य = 100 रु.
∴ निकुंज का क्रय मूल्य
3,36,600 रु. हो तो
लावण्य का क्रय मूल्य

$$= \frac{336600 \times 100}{112.20}$$

= 3,00,000 रु.

- डॉ. डी.सी. राठी
(लेखक, शासकीय महाविद्यालय राऊ, इंदौर में अध्यापन करते हैं)

खेलचर्चा

साई ने कोचिंग कोर्स प्रवेश मानदंड में किया बदलाव

नई दिल्ली, भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने राष्ट्रीय खेल संस्थान पटियाला में कोचिंग कोर्स के लिए प्रवेश करने के मानदंड में संशोधन किया है। साई ने एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेताओं के अलावा ओलिंपिक और विश्व चैम्पियनशिप के प्रतिभागियों को इस कोर्स के लिए सीधे प्रवेश देने की अनुमति प्रदान की है। साई ने कहा कि पहले इस कोर्स के लिए आवेदन करने वालों के लिए यह अनिवार्य था कि उन्होंने सीनियर विश्व चैम्पियनशिप में पदक जीता हो, लेकिन अब वे लोग भी आवेदन कर सकेंगे, जिन्होंने विश्व चैम्पियनशिप में हिस्सा लिया है।

भारत वर्ष 2021 में करेगा एफआईएच प्रो लीग में वापसी

लुसाने, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने पुरुष और महिला एफआईएच प्रो लीग का नया कार्यक्रम जारी किया है। इस कार्यक्रम के तहत भारतीय पुरुष हॉकी टीम अगले साल प्रो लीग में वापसी करेगी। नए कार्यक्रम के तहत भारत को 10 और 11 अप्रैल को अर्जेंटीना से, 8 और 9 मई को ब्रिटेन से, 12 और 13 मई को स्पेन से, 18 और 19 मई को जर्मनी तथा 29 और 30 मई को न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच खेलना है। इनमें भारत को सिर्फ न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने घर में खेलना है। उल्लेखनीय है कि भारत प्रो लीग के इस सत्र में 6 मैचों में 4 मैच जीत चुका है।

सोफी डिवाइन बनीं न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम की कप्तान

वेलिंगटन, न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने ऑलराउंडर सोफी डिवाइन को न्यूजीलैंड की महिला क्रिकेट टीम की कप्तान नियुक्त किया है। सोफी को एमी सथरवेट की जगह कप्तान बनाया गया है। सथरवेट मातृत्व अवकाश से लौटने के बाद टीम में उप कप्तान की जिम्मेदारी संभालेंगी। सोफी ने कहा कि कप्तानी मिलना बहुत बड़ा सम्मान है। उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड की महिला क्रिकेट टीम अगले वर्ष अपनी मेजबानी में आयोजित होने वाले महिला ट्वेंटी-20 विश्वकप की तैयारी की दिशा में आगे बढ़ रही है। सोफी ने न्यूजीलैंड के लिए 105 वन-डे मैचों में 2570 रन बनाए और 71 विकेट लिए हैं, वहीं 91 ट्वेंटी-20 मैचों में 2384 रन बनाए तथा 87 विकेट लिए हैं।

मैनचेस्टर सिटी से हटाया गया प्रतिबंध

लंदन, अंतर्राष्ट्रीय खेल पंचाट (कोर्ट ऑफ ऑर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट्स) ने इंग्लैंड के फुटबॉल क्लब मैनचेस्टर सिटी पर लगा दो साल का प्रतिबंध हटा लिया है। खेल पंचाट ने क्लब पर 85 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने का फैसला सुनाया है। प्रतिबंध हटने से मैनचेस्टर सिटी चैम्पियंस लीग में हिस्सा ले सकेगी। उल्लेखनीय है कि मैनचेस्टर सिटी पर वर्ष 2012 से 2016 के बीच वित्तीय मामलों से जुड़ी निगरानी के नियमों में उल्लंघन के गंभीर आरोप लगे थे। इन आरोपों के बाद यूनियन ऑफ यूरोपियन फुटबॉल एसोसिएशन (यूएफा) ने मैनचेस्टर सिटी पर प्रतिबंध लगाया था। इस प्रतिबंध के खिलाफ मैनचेस्टर सिटी ने खेल पंचाट में अपील की थी।

फीफा विश्वकप-2022

कतर में 21 नवंबर से 18 दिसंबर 2022 तक होगा आयोजित

ज्यूरिख, विश्व में फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फेडरेशन इंटरनेशनल डी फुटबॉल एसोसिएशन (फीफा) ने वर्ष 2022 में आयोजित होने वाले फीफा फुटबॉल विश्वकप का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। यह टूर्नामेंट 21 नवंबर से 18 दिसंबर तक आयोजित किया जायेगा।

32 टीमें लेंगी हिस्सा

फीफा ने कहा कि इस विश्वकप में 32 टीमें हिस्सा लेंगी। टूर्नामेंट का ड्रॉ मार्च-अप्रैल 2022 को शुरू किया जायेगा। फीफा के अनुसार विश्वकप के ग्रुप मुकाबले 12 दिन तक चलेंगे। प्रतिदिन 4 मुकाबले आयोजित होंगे। राउंड-16 और क्वार्टर फाइनल में प्रतिदिन 2 मुकाबले खेले जायेंगे। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 18 दिसंबर को खेला जायेगा।

आठ स्थानों पर खेले जायेंगे मुकाबले

28 दिनों तक चलने वाला यह टूर्नामेंट आठ मैदानों पर खेला जायेगा। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच अल बयात स्टेडियम में खेला जायेगा, वहीं फाइनल मुकाबला लुसैल आइकोनिक स्टेडियम में खेला जायेगा। रास अबु अबोद स्टेडियम, अल थुमामा स्टेडियम, एजुकेशन सिटी स्टेडियम, अल रयान स्टेडियम, खलीफा इंटरनेशनल स्टेडियम और अल जेनोब स्टेडियम में भी विश्वकप के मुकाबले खेले जायेंगे। फीफा ने कहा कि इस टूर्नामेंट के दौरान टीमों और प्रशंसकों को मैच के लिये विमान से कतर के शहरों की यात्रा करने की जरूरत नहीं होगी, क्योंकि सभी स्टेडियम आपस में 30 मील के दायरे में हैं।

- **मिडिल ईस्ट एशिया में पहली बार फीफा वर्ल्डकप का आयोजन हो रहा है।**
- **यह 32 टीम फॉर्मेट का आखिरी विश्वकप है।**
- **वर्ष 2026 में अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की संयुक्त मेजबानी वाले विश्वकप में 48 टीमें हिस्सा लेंगी।**
- **कतर ने इस विश्वकप की मेजबानी हासिल करने की दौड़ में अमेरिका को पछाड़ा था।**
- **विश्वकप के फाइनल मुकाबले को स्टेडियम में 80 हजार दर्शक देखेंगे।**
- **वर्ष 2018 में क्रोएशिया को हराकर फ्रांस बना था विश्व चैम्पियन।**
- **ब्राजील ने सर्वाधिक 5 बार जीता है विश्वकप।**
- **जर्मनी और इटली 4-4 बार, अर्जेंटीना, फ्रांस और उरूग्वे ने 2-2 बार तथा इंग्लैंड और स्पेन ने 1-1 बार जीता है विश्वकप।**

टीमों को मिलेगा पर्याप्त विश्राम

फीफा ने कहा कि टूर्नामेंट का कार्यक्रम बनाते समय टीमों के विश्राम का ध्यान रखा गया है। ज्यादातर टीमों को मैचों के बीच में तीन दिन का आराम मिलेगा, जो कि खेल प्रदर्शन के लिये आदर्श है। हालांकि अंतिम दो प्री क्वार्टर फाइनल खेलने वाली टीमों को सिर्फ दो दिन का आराम मिलेगा।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष मुश्ताक अहमद ने दिया इस्तीफा

नई दिल्ली, हॉकी इंडिया के अध्यक्ष मोहम्मद मुश्ताक अहमद ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। हॉकी इंडिया की कार्यकारिणी ने उनका इस्तीफा स्वीकार करते हुए ज्ञानेंद्रो निगोबांम को आगामी चुनाव तक कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त कर दिया है। हॉकी इंडिया ने कहा कि मुश्ताक अहमद का त्याग पत्र स्वीकार किया गया है। त्याग पत्र में इस्तीफे का कारण निजी और पारिवारिक प्रतिबद्धताएं बताई गई थीं। उल्लेखनीय है कि खेल मंत्रालय ने मुश्ताक अहमद के अध्यक्ष बनने के चुनाव को राष्ट्रीय खेल संहिता के कार्यकाल संबंधी दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करार देते हुए उनसे पद छोड़ने के लिए कहा था। मुश्ताक अहमद वर्ष 2018 में हॉकी इंडिया के अध्यक्ष बने थे। इससे पहले वे वर्ष 2010 से 2014 तक हॉकी इंडिया के कोषाध्यक्ष और वर्ष 2014 से 2018 तक महासचिव रहे थे।

लिवरपूल ने ईपीएल में सबसे तेज 30 जीत का बनाया रिकॉर्ड

लंदन, इंग्लिश फुटबॉल क्लब लिवरपूल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) में सबसे तेज 30 मैच जीतने का रिकॉर्ड बनाया है। ईपीएल के इस सत्र में लिवरपूल ने 34 मैचों में 30 मैच जीत लिए हैं। लिवरपूल ने यह उपलब्धि ब्राइटन के खिलाफ मैच में हासिल की। लिवरपूल ने यह मैच 3-1 से जीता है। इस मैच में मोहम्मद सालाह ने दो, जबकि हेंडरसन ने एक गोल किया।

हैमिल्टन ने जीता अपने कॅरियर का 85वां खिताब

स्पीलबर्ग, ब्रिटेन के दिग्गज कार रेसर लुईस हैमिल्टन ने स्पीलबर्ग के रेडबुल रिंग में आयोजित स्टायरियन ग्रांप्री फॉर्मूला-वन रेस जीत ली है। यह हैमिल्टन के फॉर्मूला-वन कॅरियर का 85वां खिताब है।

हैमिल्टन ने यह रेस 1 घंटे 22 मिनट 50.683 सेकेंड में पूरी की। रेस में हैमिल्टन के टीम साथी वाल्टेरी बोटास दूसरे स्थान पर रहे। रेस में रेडबुल के मैक्स वर्स्टापेन तीसरे, एलेक्जेंडर अल्बोन चौथे, मैक्लारेन के लैंडो नोरिस पांचवें स्थान पर रहे। रेस के दौरान फेरारी टीम के दोनों ड्राइवर सबेस्टियन वेटल और चार्ल्स लेकलर्क पहले लैप में ही दुर्घटना का शिकार होकर रेस से बाहर हो गये थे।

रेस में जीत के बाद हैमिल्टन ने कहा कि मर्सिडीज टीम ने अपनी रणनीति के साथ शानदार काम किया। रेस जीतने के बाद अच्छा लग रहा है। मैं लगातार रेस को पसंद करता हूं और पूरे सीजन इसे

जारी रख सकता हूँ। रेस के उपविजेता बोटास ने कहा कि मेरे लिए चौथे स्थान से रेस की शुरुआत करना नुकसान भरा था, इसलिए दूसरा स्थान भी बुरा नहीं है। मैं हंगरी ग्रांप्री रेस को लेकर उत्साहित हूं।

- **लुईस हैमिल्टन अब तक छह बार फॉर्मूला वन चैम्पियनशिप जीत चुके हैं।**
- **इस सत्र में हैमिल्टन और बोटास 1-1 रेस जीत चुके हैं।**
- **इस वर्ष की ड्राइवर स्टैंडिंग में बोटास 43 अंकों के साथ शीर्ष पर तथा हैमिल्टन 37 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं।**

वेस्टइंडीज ने पहले टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 4 विकेट से हराया

साउथेम्पटन, कोरोना काल के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट की वापसी बेहद रोमांचक रही। कोरोना के साये में इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच खेला गया पहला टेस्ट मैच वेस्टइंडीज ने जीतकर सभी को हैरान कर दिया। वेस्टइंडीज ने पहला टेस्ट मैच 4 विकेट से अपने नाम किया।

मैच में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। इंग्लैंड की टीम पहली पारी में महज 204 रन बनाकर आलआउट हो गई। इंग्लैंड के लिए पहली पारी में कप्तान बेन स्टोक्स ने सर्वाधिक 43 रन की पारी खेली, वहीं वेस्टइंडीज के कप्तान जेसन होल्डर ने 42 रन देकर 6 और शेनन गेब्रियल ने 4 विकेट झटकते हुए इंग्लैंड की बल्लेबाजी को समेट दिया। वेस्टइंडीज ने पहली पारी में बढ़िया बल्लेबाजी करते हुए 318 रन बनाए और 114 रन की बढ़त हासिल की। वेस्टइंडीज के लिए सलामी बल्लेबाज क्रेग ब्रेथवेट ने 65, शेन डाउरिच ने 61 और रोस्टन चेस ने 47 रन की पारी खेली।

दूसरी पारी में इंग्लैंड के टॉप आर्डर ने बढ़िया बल्लेबाजी की। रोरी बर्न्स ने 42, डोम सिबले ने 50, जैक क्रोउले ने 76 और बेन स्टोक्स ने 46 रन बनाए। लेकिन ये बल्लेबाज अपनी पारी को शतक में नहीं बदल सके। इंग्लैंड की टीम दूसरी पारी में 313 रन पर सिमट गई। दूसरी पारी में गेब्रियल ने 5 विकेट लिए।

जीत के लिए मिले 200 रनों के लक्ष्य के सामने वेस्टइंडीज की पारी शुरुआत में लड़खड़ा गई थी। टीम के 3 विकेट मात्र 27 रन पर गिर गए। इसके बाद जर्मेन ब्लैकवुड (95) और रोस्टन चेस (37) ने पारी को संभाला। ब्लैकवुड ने बड़ा शॉट खेलने के चक्कर में अपना विकेट गंवा दिया और शतक से चूक गये। वेस्टइंडीज की टीम ने 6 विकेट खोकर जीत का लक्ष्य हासिल कर लिया। मैच में 9 विकेट लेने वाले शेनन गेब्रियल मैन ऑफ द मैच बने।

विंबलडन

खिलाड़ियों में बंटेगी पुरस्कार राशि

लंदन, टेनिस का सबसे प्रतिष्ठित और लोकप्रिय टूर्नामेंट विंबलडन का आयोजन करने वाले ऑल इंग्लैंड क्लब ने कहा है कि विंबलडन की पुरस्कार राशि 620 खिलाड़ियों के बीच बांटी जाएगी। क्लब ने कहा कि कोरोना महामारी के प्रकोप के कारण इस वर्ष विंबलडन टूर्नामेंट रद्द किया गया है। लेकिन टूर्नामेंट की 12.5 मिलियन डॉलर की पुरस्कार राशि टूर्नामेंट से जुड़े 620 खिलाड़ियों के बीच बांटने का फैसला लिया गया है।

क्लब के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड लुईस ने कहा कि क्लब ने अपने बीमा प्रदाता से परामर्श के बाद यह निर्णय लिया है। लुईस ने कहा कि चैम्पियनशिप रद्द होने के बाद हमने अपना ध्यान इस



बात पर लगाया कि हम इस मुश्किल दौर में उन लोगों की मदद कैसे कर सकते हैं, जो विंबलडन को आयोजित करने में सहायता करते हैं।

लुईस ने कहा कि टूर्नामेंट के मुख्य ड्रा में भाग लेने वाले 256 खिलाड़ियों को 31-31 हजार डॉलर प्राप्त होंगे, जबकि क्वालिफाइंग राउंड में हिस्सा लेने वाले 224 खिलाड़ियों को प्रत्येक को 15600 डॉलर मिलेंगे। इसके अलावा युगल वर्ग में हिस्सा लेने वाले 120 खिलाड़ियों को प्रत्येक 7800 डॉलर मिलेंगे। टूर्नामेंट की व्हीलचेयर स्पर्धाओं में हिस्सा लेने वाले 16 खिलाड़ियों को प्रत्येक को 7500 डॉलर तथा क्वाड व्हीलचेयर स्पर्धा में भाग लेने वाले 4 खिलाड़ियों में प्रत्येक को 6200 डॉलर की पुरस्कार राशि मिलेगी।

- **विंबलडन टूर्नामेंट 144 वर्षों के इतिहास में तीसरी बार हुआ रद्द।**
- **यह टूर्नामेंट पहले विश्व युद्ध के कारण वर्ष 1915 से 1918 तक तथा दूसरे विश्व युद्ध के कारण वर्ष 1940 से 1945 तक रहा था स्थगित।**
- **यह टूर्नामेंट अब अगले वर्ष 28 जून से 11 जुलाई तक खेला जाएगा।**

अमीन बने बीसीसीआई के अंतरिम सीईओ

मुंबई, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने हेमांग अमीन को अंतरिम सीईओ नियुक्त किया है। वे पूर्व सीईओ राहुल जोहरी की जगह लेंगे। जोहरी ने कुछ महीने पहले ही सीईओ पद से इस्तीफा दिया था लेकिन तब बोर्ड ने उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया था और उन्हें कुछ महीनों तक एक्सटेंशन दिया था। हेमांग अभी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के सीओओ हैं। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने सभी राज्यों को भेजे ई-मेल में हेमांग की नियुक्ति को लेकर जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि राहुल जोहरी वर्ष 2016 में बीसीसीआई के सीईओ बने थे।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

रूस में

राष्ट्रपति पुतिन के खिलाफ सड़कों पर उतरे लोग

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के खिलाफ जन संघर्ष लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रदर्शनकारी राष्ट्रपति से इस्तीफा देने

- **यह प्रदर्शन देश के सुदूरवर्ती इलाके खबरोव्स्क में गवर्नर की गिरफ्तारी के बाद शुरू हुआ।**

की मांग कर रहे हैं।

दरअसल, 2036 तक पुतिन के सत्ता में बने रहने की घोषणा के बाद से विपक्षी और असहमत लोगों द्वारा तरह-तरह के अभियान चलाए जा रहे हैं, जिसमें से एक यह प्रदर्शन भी है।

'विश्व युवा कौशल दिवस'

'कौशल भारत मिशन' से स्थानीय और विश्व दोनों ही स्तरों पर रोज़गार प्राप्त करने के बढ़ गये हैं अवसर : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 15 जुलाई को विश्व युवा कौशल दिवस और 'कौशल भारत' मिशन की पांचवीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित डिजिटल स्किल कॉन्क्लेव के लिए अपने संदेश में युवाओं से कौशल प्राप्त करने, नया कौशल सीखने और कौशल बढ़ाने का आव्हान किया, ताकि तेजी से बदलते कारोबारी माहौल और बाजार स्थितियों में निरंतर प्रासंगिक बने रहना संभव हो सके।

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि इसी दिन पांच साल पहले शुरू किए गए 'स्किल इंडिया मिशन' से कौशल प्राप्त करने, नया कौशल सीखने एवं कौशल बढ़ाने के लिए एक विशाल अवसरंचना का निर्माण हुआ है और इसके साथ ही स्थानीय एवं विश्व दोनों ही स्तरों पर रोज़गार प्राप्त करने के अवसर बढ़ गए हैं। इन ठोस प्रयासों के परिणामस्वरूप पिछले पांच वर्षों में पांच करोड़ से भी अधिक युवाओं को 'कुशल' बना दिया गया है। कुशल कामगारों और नियोक्ताओं का खाका (मैपिंग) या विवरण तैयार करने के लिए हाल ही में लॉन्च किए गए पोर्टल का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे घर लौटे प्रवासी श्रमिकों सहित अन्य कामगारों को आसानी से नौकरी पाने में

- **हर साल 15 जुलाई को मनाए जाने वाला 'विश्व युवा कौशल दिवस' इस वर्ष वर्चुअल मोड में मनाया गया।**

मदद मिलेगी। इसके साथ ही नियोक्ताओं को भी माउस को क्लिक करते ही कुशल कर्मचारियों से संपर्क करने में काफी आसानी होगी। उन्होंने विशेष जोर देते हुए कहा कि प्रवासी श्रमिकों के उत्कृष्ट कौशल से स्थानीय अर्थव्यवस्था को बदलने में भी काफी मदद मिलेगी।

प्रधानमंत्री ने देश में बड़ी संख्या में उपलब्ध कुशल कामगारों का उपयोग करने के मामले में भारत की व्यापक क्षमता पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र का उदाहरण दिया जहां बड़ी संख्या में उपलब्ध कुशल भारतीय कामगार वैश्विक मांग को पूरा कर सकते हैं। उन्होंने इस मांग का खाका या विवरण तैयार करने और भारतीय मानकों को अन्य देशों के मानकों के अनुरूप करने की आवश्यकता पर बल दिया। इसी तरह उन्होंने यह सुझाव दिया कि लंबी समुद्री परंपरा का अनुभव रखने वाले भारतीय युवा इस सेक्टर में बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए विश्व भर में मर्चेंट नेवी में विशेषज्ञ नाविकों के रूप में अहम योगदान कर सकते हैं।

लेबनान में

संयुक्त राष्ट्र के अंतरिम बल की भारतीय बटालियन ने जीता पुरस्कार

लेबनान में संयुक्त राष्ट्र के अंतरिम बल (यूएनआईएफआईएल) में तैनात

- **भारतीय बटालियन ने कचरा कम करने, प्लास्टिक का दोबारा इस्तेमाल करने, ग्रीन हाउस और जैविक खाद के गड्ढे बनाने के उद्देश्य वाली एक परियोजना के लिए पर्यावरण संबंधी प्रथम पुरस्कार जीता है।**

भारतीय वटालियन ने पर्यावरण संरक्षण के लिए पुरस्कार जीता है।

यूएनआईएफआईएल की भारतीय बटालियन (इंडबट) को पर्यावरण से जुड़ी एक परियोजना के लिए प्रथम पुरस्कार दिया गया है। मिशन प्रमुख तथा बल के कमांडर मेजर जनरल स्टीफानो डेल कौल ने पर्यावरण संरक्षण के लिहाज से नवोन्मेषी परियोजना को शुरू करने और क्रियान्वित करने के लिए सात मिशन इकाइयों को वार्षिक पुरस्कार दिए। मिशन के सेक्टर वेस्ट मुख्यालय और आयरिश-पोलिश वटालियन ने दूसरा पुरस्कार प्राप्त किया। इस पुरस्कार की शुरुआत पिछले साल दिसंबर में की गई थी। इसका उद्देश्य मिशन के परिचालन क्षेत्रों में पर्यावरण संबंधी उपलब्धियों की पहचान करना है।

राष्ट्रीय डिजाइन संस्थानों के छात्र

जर्मनी में वर्क परमिट के लिए आसानी से कर सकेंगे आवेदन

- **भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने विश्व स्तर की डिजाइन शिक्षा प्रदान करने के लिए भारत में पांच राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान (एनआईडी) की स्थापना की है।**
- **एनआईडी अहमदाबाद के बाद एनआईडी आंध्रप्रदेश, एनआईडी हरियाणा, एनआईडी असम और एनआईडी मध्यप्रदेश पिछले कुछ वर्षों में अस्तित्व में आए हैं।**
- **पांचों एनआईडी को संसद के अधिनियम के आधार पर राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों के रूप में घोषित किया गया है और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इन्हें बेहतरीन डिजाइन संस्थान माना जाता है।**
- **एनआईडी के स्नातक भारत में विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रहे हैं, जबकि इनमें से कई भारत के बाहर विभिन्न देशों में चुनौतीपूर्ण अवसरों का भी चयन करते हैं।**

जर्मनी ने विदेशी शिक्षा के लिए एक केंद्रीय कार्यालय (जेडएवी) खोला है, जो जर्मनी में विदेशी योग्यता का मूल्यांकन करने के लिए एकमात्र प्राधिकरण के रूप में कार्य करता है। अपने काम के तौर पर वे एनाबिन नामक एक डेटाबेस तैयार करते हैं, जो जर्मन डिप्लोमा और डिग्री के संबंध में विदेशी डिग्रियों और उच्च शिक्षा योग्यताओं को सूचीवद्ध रखता है। एनआईडी अहमदाबाद को साल 2015 में एनाबिन सूची में शामिल किया गया था और अब अन्य चार नए एनआईडी को भी हाल ही में इस डेटाबेस में शामिल किया गया है। अब जबकि सभी एनआईडी इस सूची का एक हिस्सा बन चुके हैं तो इसके छात्र जर्मनी में अपनी शिक्षा के अनुकूल क्षेत्रों में काम करने के लिए जरूरी वर्क परमिट के लिए आसानी से आवेदन कर सकेंगे।

गौरतलब है कि जर्मनी में विदेशी विश्वविद्यालय-स्तर की योग्यता की पहचान अक्सर जर्मन वर्क वीजा, जॉब सीकर्स वीजा या जर्मनी ब्लू कार्ड हासिल करने के लिए एक आवश्यक शर्त है। वीजा आवेदन की सफलता अक्सर इस प्रमाण पर निर्भर करती है कि जर्मनी के बाहर अर्जित विश्वविद्यालय-स्तरीय योग्यता को समकक्ष जर्मन योग्यता के बराबर माना जाता है। आम तौर पर जर्मनी में किसी की डिग्री को मान्यता के लिए उसे 3/4 वर्षीय स्नातक की डिग्री प्राप्त होने की बुनियादी आवश्यकता होती है।

दक्षिण चीन सागर पर अमेरिका ने चीन का दावा किया खारिज

अमेरिका ने दक्षिण चीन सागर पर चीन के दावों को पूरी तरह से खारिज कर

- **अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने चीन के दक्षिण चीन सागर पर किए लगभग सभी महत्वपूर्ण दावों को खारिज कर दिया है।**

दिया है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब दोनों देशों की सेनाएं साउथ चाइना सी में युद्धाभ्यास कर रही हैं। अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पियो का कहना है कि अमेरिका मुक्त और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र का पक्षधर है। माना जा रहा है कि ट्रंप प्रशासन ने यह फैसला साउथ चाइना सी में पड़ोसी देशों के प्रति चीन की बढ़ती आक्रामकता पर लगाम लगाने और अंतर्राष्ट्रीय कानून को मान्यता देने के लिए उठाया है।

रूस ने

कोरोना वैक्सीन के ह्यूमन ट्रायल खत्म किए

कोरोना वैक्सीन के ह्यूमन ट्रायल खत्म करने वाला रूस पहला देश बन गया है। रूस की मीडिया रिपोर्ट में

- **सेचनोव यूनिवर्सिटी में सेंटर फॉर क्लीनिकल रिसर्च ऑन मेडिकेशंस की प्रमुख शोधकर्ता एलेना मोलियारचुक ने कोरोना वैक्सीन का ह्यूमन ट्रायल खत्म होने की पुष्टि की है।**

बताया गया कि जिन मरीजों को यह वैक्सीन लगाई गई थी, उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

यह भी बताया कि शोध सफलतापूर्वक पूर्ण हो गया है। हालांकि यह वैक्सीन बाजार में कब आएगी और इसका उत्पाद कब बड़े पैमाने पर शुरू होगा, इसकी जानकारी अभी नहीं दी गई है।

ज्ञात रहे कि विगत् 18 जून को रूस ने गामलेई नेशनल रिसर्च सेंटर फॉर एपिडेमियोलॉजी एंड माइक्रोबायोलॉजी की संभावित वैक्सीन को ह्यूमन ट्रायल की अनुमति दी थी।

भारतीय रेलवे ने

पहली बार सामान से भरी विशेष पार्सल रेलगाड़ी को बांग्लादेश भेजा

आंध्र प्रदेश के गुंटूर और इसके आस-पास के इलाके मिर्च की खेती के लिए प्रसिद्ध हैं। अपने स्वाद और ब्रांड में विशिष्टता के लिए इस कृषि उपज की गुणवत्ता को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जाना जाता है। इससे पहले, गुंटूर तथा आसपास के क्षेत्र के किसान और व्यापारी कम मात्रा में सूखी मिर्च सड़क मार्ग से बांग्लादेश ले जाते रहे हैं और इस पर लागत लगभग 7000 रुपये प्रति टन आती है। लॉकडाउन अवधि के दौरान, किसान और व्यापारी सड़क मार्ग से इस आवश्यक वस्तु को नहीं ले जा सके।

इस समस्या को कम करने के लिए और रेल उपयोगकर्ताओं को कम मात्रा यानी प्रत्येक खेप में अधिकतम 500 टन तक का माल भेजने की सुविधा देने के लिए दक्षिण मध्य रेलवे के गुंटूर डिवीजन ने पहल की और विशेष पार्सल एक्सप्रेस को बांग्लादेश के लिए रवाना किया। 16 पार्सल वैन से युक्त एक विशेष पार्सल एक्सप्रेस मालगाड़ी बांग्लादेश के बेनापोल गई। प्रत्येक पार्सन वैन को सूखी मिर्च की 466 बोरियों से भरा गया था, जिसका वजन लगभग 19.9 टन था और इस प्रकार विशेष पार्सल एक्सप्रेस मालगाड़ी द्वारा कुल 384 टन वजन का

- **भारतीय रेलवे ने पहली बार देश की सीमा से परे बांग्लादेश के बेनापोल के लिए आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले के रेड्डीपलेम से सूखी मिर्च की एक विशेष मालगाड़ी से ढुलाई की।**

सामान ले जाया गया। विशेष पार्सल एक्सप्रेस द्वारा माल ले जाने की लागत प्रति टन 4,608 रुपये आई जो सड़क परिवहन के 7,000 रुपये प्रति टन की तुलना में बहुत सस्ती और किफायती है। इससे गुंटूर के किसानों और व्यापारियों को विशेष पार्सल एक्सप्रेस के माध्यम से थोड़ी मात्रा में सूखी मिर्च का परिवहन करके देश की सीमा से बाहर अपने कृषि उत्पाद का विपणन करने में मदद मिली है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

हमसे पूछिये स्तंभ में 'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों से कॅरियर संबंधी सवाल आमंत्रित किये जाते हैं। इन सवालों के जवाब प्रोफेसर जयंतीलाल भंडारी देते हैं। पाठक अपने सवाल नीचे दिये गये पते पर भेजकर कॅरियर संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। पाठक पत्र लिखते समय पोस्टकार्ड या लिफाफे के ऊपर 'हमसे पूछिये' कॉलम जरूर लिखें।

'रोज़गार और निर्माण' के हमसे पूछिये स्तंभ में प्रकाशित होने वाले सवाल-जवाब पाठकों की सुविधा के लिये हैं। समय-समय पर विभिन्न पाठ्यक्रमों और पदों की अर्हताओं में बदलाव होते रहते हैं। इस विषय को ध्यान में रखते हुये विभिन्न कोर्स, संस्थान और अन्य संबंधित जानकारी के लिये कृपया संबंधित विभाग/संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट या कार्यालय में संपर्क करें।

रोज़गार और निर्माण
(हमसे पूछिये)
40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल, मध्यप्रदेश, पिनकोड-462 011

❍ मैं पीपीई किट निर्माण इकाई शुरू करना चाहता हूँ। प्रारंभिक मार्गदर्शन दें?

- सुरेश धारू, पानसेमल

● इस समय पूरी दुनिया में कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिये

डॉक्टर और मेडिकल स्टाफ समेत अलग-अलग क्षेत्र के कोरोना योद्धा प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर कोरोना के खिलाफ जंग में शामिल हैं। जो कोरोना योद्धा प्रत्यक्ष तौर पर संक्रमण को रोकने में लगे हैं उनके लिए पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट (पीपीई) किट पहनना अनिवार्य है। वास्तव में पीपीई किट में विशेष प्रकार के स्वास्थ्य उपकरण हैं। इस किट में सिर से लेकर पैरों तक को कवर करने वाले सभी उपकरण शामिल हैं। इसमें हाथों के लिए विशेष प्रकार के ग्लव्स, गाउन, शू कवर, हेड कवर, मास्क और रेस्पिरेटर के साथ ही आंखों की सुरक्षा के लिए फेस शील्ड और गॉगल्स शामिल होते हैं। इसे पहनने पर कोरोना के मरीजों की सेवा करते हुए भी संक्रमण से बचाव किया जा सकता है।

उल्लेखनीय है कि पूरी दुनिया में कोरोना वायरस बढ़ने के कारण पीपीई किट की मांग बढ़ गई है। इस समय पीपीई किट का सबसे ज्यादा उत्पादन चीन के द्वारा किया जा रहा है। भारत में भी पीपीई किट का उत्पादन बढ़ रहा है। पीपीई किट की मांग देश और दुनिया में बढ़ने के अनुमान प्रस्तुत हो रहे हैं। इसलिए सुनियोजित रूप से शुरू की जाने वाली पीपीई किट के निर्माण की इकाई से बेहतर रिटर्न मिल सकते हैं, लेकिन पीपीई किट के निर्माण की इकाई शुरू करना कोई सरल कार्य नहीं है। यह बात ध्यान में रखी जानी होगी कि कपड़ा मंत्रालय ने पीपीई किट निर्माण के लिए एक नोटिफिकेशन जारी किया है। इसमें कहा गया है कि जो भी यूनिट पीपीई किट तैयार करेंगी, उन्हें कपड़ा मंत्रालय से मंजूरी लेनी होगी। कपड़ा मंत्रालय ने इसके मानक भी निर्धारित किए हैं। तैयार किट को पहले प्रयोगशाला में टेस्ट कराना होता है। इसके लिए देश में दो प्रयोगशालाएं अधिकृत हैं- ये कोयंबटूर और ग्वालियर में हैं। यहाँ पर परीक्षण में खरे उतरने के बाद ही पीपीई किट निर्माण करने के लिए किसी इकाई को मंत्रालय से निर्माण संबंधी स्वीकृति मिलती है।

पीपीई किट निर्माण इकाई शुरू करने के इच्छुक लोगों के लिए यह जरूरी है कि वे सबके पहले उद्योग विभाग या उद्यमिता विकास केंद्र या अन्य किसी रिसोर्स से इसके उत्पादन संबंधी पर्याप्त जानकारी लें और उपयुक्त अनुभव प्राप्त करें। बाजार रिसर्च करें। साथ ही पीपीई किट बनाने से पहले उन डॉक्टरों से भी अवश्य मिलें, जो कोविड-19 से जंग में इसका रात-दिन उपयोग कर रहे हैं। उनके अनुभव पर आधारित व्यावहारिक पहलुओं को समझकर उसके अनुरूप पीपीई किट बनाने की परियोजना को अंतिम रूप दिया जाना उपयुक्त होगा।

❍ मैं ऑटोमेशन तथा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के क्षेत्र में कॅरियर बनाना चाहता हूँ। कृपया इससे संबंधी जानकारी दीजिए।

- कैलाश राठौर, खातेगाँव

● ऑटोमेशन तथा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के क्षेत्र में कॅरियर बनाने के

लिए इंजीनियरिंग डिग्री आवश्यक है। ऑटोमेशन तथा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस इंजीनियरिंग की वह शाखा है, जिसके अंतर्गत रोबोट की डिजाइनिंग, उनका अनुरक्षण, नए एप्लिकेशन का विकास और अनुसंधान जैसे काम सम्मिलित किए जाते हैं। ऑटोमेशन एंड रोबोटिक्स एक मल्टी डिसिप्लिनरी फील्ड है, जिसमें कम्प्यूटर साइंस, न्यूरो साइंस, मनोविज्ञान आदि विषय भी शामिल किए जाते हैं। ऑटोमेशन तथा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस में डिजाइनिंग तथा कंट्रोल में विशेषज्ञता प्राप्त करने के लिए मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिग्री हासिल करनी होगी। कंट्रोल तथा हार्डवेयर में डिजाइनिंग के लिए इलेक्ट्रिकल या इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में बीटेक डिग्री लाभदायक होती है।

गौरतलब है कि ऑटोमेशन तथा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस में कोर्स करने के उपरांत कई कॅरियर उपलब्ध हैं। वर्तमान में विभिन्न क्रियाकलापों में रोबोटों का उपयोग निरंतर बढ़ता ही जा रहा है, इसलिए इस क्षेत्र में रोज़गार के कई अवसर विद्यमान हैं। इसरो तथा नासा जैसे अंतरिक्ष अनुसंधान संगठनों में रोज़गार के अवसर प्राप्त होते हैं। इसके साथ ही ऑटोमेशन तथा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के जानकारों की माइक्रोचिप बनाने वाले उद्योगों में भी खासी मांग है। ऑटोमेशन तथा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस में स्पेशलाइजेशन से मेन्युफैक्चरिंग, कृषि, खनन, परमाणु ऊर्जा संयंत्र जैसे क्षेत्रों में कॅरियर निर्माण के दरवाजे खुल जाते हैं।

ऑटोमेशन तथा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस में कॅरियर बनाने की इच्छा रखने वाले छात्र गणित में बहुत अच्छे होने चाहिए। ऑटोमेशन तथा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के क्षेत्र में कॅरियर बनाने हेतु 12वीं कक्षा में फिजिक्स एवं मैथ्स विषय होना नितांत आवश्यक है। इसके साथ ही साथ उच्चतम प्रतियोगी तथा तकनीकी क्षेत्र में आविष्कार तथा कुछ नया करने के लिए सृजनात्मक योग्यता भी बेहद जरूरी है। बारहवीं के उपरांत जेईई मेन्स अथवा जेईई एडवांस के द्वारा इस क्षेत्र से संबंधित कोर्स में प्रवेश लिया जा सकता है। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी), एनआईटी, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बैंगलुरु जैसे प्रतिष्ठित इंस्टीट्यूशंस से ऑटोमेशन तथा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से संबंधित कोर्स किए जाना अधिक लाभप्रद होते हैं।

❍ सेनेटरी पैड की लघु उद्योग इकाई स्थापित करना चाहती हूँ। मार्गदर्शन दें।

- स्मृति मंथन, खाचरौद

● महिलाओं से जुड़े विभिन्न उत्पादों में से सेनेटरी पैड की मांग सबसे अधिक रहती है। सेनेटरी पैड के निर्माण में कई तरह के कच्चे माल तथा संसाधनों की जरूरत होती है। इनमें प्रमुखतया सेलुलोज़ पल्प, सुपर अब्सॉर्बेट पॉलीमर, नॉन वोवन फैब्रिक, पोलीप्रोपलीन वैक शीट, सिलिकॉन पेपर, हॉट मेल्ट सील आदि शामिल हैं। सेनेटरी पैड को बनाने के लिए दो प्रकार की मशीनें होती हैं अर्द्ध स्वचालित नैपकिन मेकिंग मशीन और स्वचालित नैपकिन मेकिंग मशीन। स्वचालित नैपकिन मेकिंग मशीन के दाम अर्द्ध स्वचालित नैपकिन मेकिंग मशीन के मुकाबले अधिक होते हैं। सेनेटरी पैड निर्माण से पहले इससे संबंधित लाइसेंस भी प्राप्त करना होता है।

सेनेटरी पैड की निर्माण यूनिट को शुरू करने से पहले उद्योग विभाग या उद्यमिता केंद्र से सेनेटरी पैड निर्माण संबंधी अधिकतम जानकारी ली जानी चाहिए। पुराने उद्यमी के द्वारा इसके निर्माण संबंधी अनुभव लिये जा सकते हैं। इस क्षेत्र में अच्छा अनुभव रखने वाले कुछ लोगों को निर्माण इकाई में रखना जरूरी होता है। यह भी जरूरी है कि सेनेटरी पैड निर्माण की इकाई शुरू करने से पहले सेनेटरी पैड की मार्केट संबंधी रिसर्च की जाए। सेनेटरी पैड निर्माण इकाई शुरू करने में लगने वाले निवेश और इससे संभावित मुनाफे की पूरी जानकारी ध्यान में रखी जानी चाहिए।

❍ मैं होजरी निर्माण के तहत बनियान तथा जांघिया निर्माण की यूनिट शुरू करना चाहता हूँ। इससे संबंधित मार्गदर्शन दें?

- रामाजी चौबे, इटारसी

● होजरी उद्योग के तहत बनियान तथा जांघिया जैसे अंतः वस्त्रों का बाजार तेजी से बढ़ता जा रहा है। इनका उपयोग प्रत्येक उम्र के लोगों के द्वारा किया जाता है। होजरी के बाजार में ब्रांडेड कंपनियों की कमी नहीं है। लेकिन यदि स्थानीय स्तर पर इन उत्पादों का निर्माण किया जाए तथा गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए इन्हें विपणन कौशलता से बाजार में प्रस्तुत किया जाए तो ऐसी होजरी निर्माण इकाई की सफलता की प्रचुर संभावनाएँ हैं। होजरी निर्माण की इकाई की सफलता अच्छे कच्चे माल, गुणवत्तापूर्ण उत्पादन और बाजार रिसर्च पर निर्भर करती है। होजरी निर्माण की इकाई शुरू करने के पहले इसके निर्माण संबंधी गहरे अनुभव की आवश्यकता होती है। होजरी निर्माण के उद्योग विभाग या उद्यमिता विकास केंद्र से पहले इसके प्रोजेक्ट की लागत, बाजार अनुसंधान और उत्पादन हेतु ऋण संबंधी विस्तृत जानकारियाँ प्राप्त करने के बाद इस इकाई को शुरू किया जाना चाहिए।

❍ मैं पंचायत में डाटा एंट्री ऑपरेटर पद पर संविदा नियुक्ति संबंधी जानकारी चाहता हूँ?

- कृष्णा गोपाल, पनवाड़ी

● मध्यप्रदेश में पंचायतों के लिए जिला स्तर पर कलेक्टर ऑफिस के माध्यम से आवश्यकता के अनुरूप डाटा एंट्री ऑपरेटर के पदों पर सीधी भर्ती हेतु नोटिफिकेशन जारी किया जाता है। डाटा एंट्री ऑपरेटर के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास होना है। साथ ही कम्प्यूटर में डिप्लोमा होना भी अनिवार्य है। आप विस्तृत जानकारी हेतु कलेक्टर ऑफिस में सम्पर्क कर सकते हैं।

❍ सरकारी नौकरी में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी वर्ग में कौनसे पद शामिल होते हैं। इनकी भर्ती किस तरह की जाती है?

- मनोज परांजपे, टिमरनी

● सरकारी नौकरी में कार्य संबंधी विभिन्न वर्गों में चतुर्थ श्रेणी की नौकरी अंतिम स्तर पर है। चतुर्थ श्रेणी की नौकरियों में चपरासी, स्वीपर, अटेंडेंट और अन्य पद शामिल हैं। रेलवे ट्रैकमैन, सुरक्षा गार्ड आदि जैसे रोज़गार चतुर्थ श्रेणी सेवाओं से संबंधित हैं। आमतौर पर इन सेवाओं के लिए आवश्यक शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम 8वीं या 10वीं कक्षा उत्तीर्ण होती है। इसके अलावा संबंधित संगठन या विभाग की जरूरतों के आधार पर आवश्यक शैक्षणिक योग्यता भिन्न भी हो सकती है। सामान्यतया चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की नियुक्ति और भर्ती प्रक्रिया कलेक्टर या अन्य किसी स्थानीय स्तर पर समकक्ष अधिकारी द्वारा सुनिश्चित की जाती है।

❍ मुझे स्टीविया की खेती संबंधी जानकारी दीजिए?

- संजय बंसल, शाजापुर

● स्टीविया को मधुपत्र या मीठी तुलसी जैसे नामों से भी जाना जाता है। मधुमेह और मोटापे से पीड़ितों के लिए स्टीविया बहुत फायदेमंद औषधि है। इस समय मधुमेह के उपचार के लिए स्टीविया की पत्तियों की मांग लगातार बढ़ रही है। स्टीविया की पत्तियों की मिठास चीनी से 25 से 30 गुना अधिक होती है। स्टीविया की पत्तियों में प्रोटीन व फाइबर अधिक मात्रा में होता है। कैल्शियम व फास्फोरस से भरपूर होने के साथ इन पत्तियों में कई तरह के खनिज भी होते हैं। इसमें कैलोरी की मात्रा लगभग शून्य होती है, जो मधुमेह के रोगियों और स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहने वालों के लिए वरदान है। मधुमेह पीड़ितों के लिए बेकरी उत्पाद, सॉफ्ट ड्रिंक और मिठाइयों में भी स्टीविया की सूखी हुई पत्तियों का उपयोग होता है। न केवल शक्कर के विकल्प के रूप में स्टीविया का उपयोग सुरक्षित है, वरन् रक्तचाप, चर्म विकार तथा मसूड़ों की बीमारियों में भी लाभप्रद है।

गौरतलब है कि स्टीविया की खेती पेरूग्वे, जापान, कोरिया, ताइवान, अमेरिका इत्यादि देशों में बहुतायत से होती है। भारत में इस समय इसकी खेती कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ के कुछ क्षेत्रों में की जाने लगी है। चूंकि भारत में मधुमेह के काफी मरीज हैं और यह तेजी से बढ़ने वाली बीमारियों में से एक है। ऐसे में स्टीविया के बढ़ते बाजार में किसान इसकी खेती से बढ़िया मुनाफा कमा सकते हैं। देश में स्टीविया की खेती को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। स्टीविया खेती लाभप्रद व्यवसाय बन गई है। नेशनल मेडिसिनल प्लांट्स बोर्ड (एनएमपीबी) के द्वारा किसानों को स्टीविया की खेती पर 20 फीसदी सब्सिडी दी जाती है।

गौरतलब है कि स्टीविया की खेती में इसके पौधे को गन्ने की अपेक्षा कम पानी की जरूरत पड़ती है। इस फसल की सबसे अच्छी बात यह है कि इसमें रोग लगने की आशंका कम होती है। इसकी खेती में एक और फायदा ये है कि इसमें सिर्फ देसी खाद से भी काम चल जाता है। एक साल में कम से कम चार बार कटाई की जा सकती है। इसके पौधे से जो पाउडर तैयार किया जाता है वह चीनी के मुकाबले कई गुना ज्यादा मीठा होता है। गन्ने की अपेक्षा एक किसान स्टीविया की खेती से कई गुना ज्यादा कमा सकता है। स्टीविया की खेती शुरू करने के पहले जिला स्तर पर कार्यरत कृषि विभाग से पर्याप्त जानकारी ली जाए। स्टीविया की खेती संबंधी उपयुक्त अनुभव लिया जाए, बाजार सर्वे किया जाए और फिर अच्छे प्रोजेक्ट के साथ स्टीविया की खेती शुरू की जानी उपयुक्त होगी।

❍ टायर रिमोल्डिंग यूनिट की स्थापना करके स्वरोज़गार के क्षेत्र में कॅरियर बनाना चाहता हूँ। इस इकाई की स्थापना हेतु प्रारंभिक जानकारी दें?

- महेश बाबू, उज्जैन

● इस समय स्वरोज़गार के क्षेत्र में टायर रिमोल्डिंग यूनिट का महत्व बढ़ गया

है। टायर रिमोल्डिंग प्रक्रिया दो तरह की होती है एक गर्म रिमोल्डिंग तथा दूसरी ठंडी रिमोल्डिंग। गर्म रिमोल्डिंग प्रोसेस में टायर पर कच्ची रबर चढ़ाकर मोल्ड मशीन में डालते हैं और फिर इस कच्ची रबर को गर्मी देकर पकाते हैं, जबकि ठंडी रिमोल्डिंग प्रोसेस में कच्ची रबर को पहले से ही पका लिया जाता है। इस पकी हुई रबर के बेल्ट को टायर पर चढ़ाकर बॉन्डिंग करते हैं अर्थात् चिपकाते हैं एवं गर्म ताप पर मशीन में रखते हैं। इस गर्मी से टायर के मूल ढाँचे की क्षमता पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है। इस प्रकार इन दोनों विधियों में ठंडी रिट्रीड (रिमोल्डिंग) विधि ज्यादा बेहतर होती है, क्योंकि गर्म रिट्रीड में कच्ची रबर को टायर पर चढ़ाकर पकाने पर यदि गर्मी अधिक हो जाए तो टायर का केसिंग खराब हो सकता है, लेकिन ठंडी रिट्रीड में रबर को अलग हाई हाइड्रोलिक प्रेशर देकर पकाया जाता है जिससे रबर का घनत्व ज्यादा होता है। ठंडी विधि पर आधारित टायर रिट्रीडिंग की इकाई स्थापना हेतु अनेक कंपनियाँ फ्रेंचाइजी भी प्रदान करती हैं। कई कंपनियाँ रिट्रीडिंग हेतु कच्चा माल, मशीनरी व प्रशिक्षण भी प्रदान करती हैं। टायर रिट्रीडिंग प्लांट की स्थापना लागत उपयुक्तता के अनुरूप की जानी चाहिए। इस इकाई को शुरू करने से पहले उद्योग विभाग या उद्यमिता विकास केंद्र से विस्तृत जानकारी ली जानी चाहिए। केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत ऋण प्राप्त करने संबंधी जानकारी भी प्राप्त की जानी चाहिए।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी
(स्तंभकार देश के सीनियर कॅरियर काउंसलर हैं)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक डॉ. सुदाम खाड़े, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।